PPMN

राष्ट्रीय हिन्दी समाचार पत्र - राज्य सरकार से विज्ञापन के लिए अनुमोदित

सहयोग आपका प्रयास हमारा

परिष्कार पत्रिका

प्रगति की ओर

जयपुर सहित, किशनगढ़, अजमेर, नसीराबाद, ब्यावर, जोधपुर, बानसूर, अलवर, कोटपूतली, बहरोड़, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, कानोता, बस्सी, नीम का थाना, रींगस, सीकर, कोटा, शिवदासपुरा, भीलवाड़ा, अहमदाबाद, बीकानेर, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, मध्यप्रदेश में प्रसारित

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ

पोस्टल रजि. Jaipur City/ 240/ 2024-26 पाक्षिक (हिन्दी राष्ट्रीय) मूल्य 2 रूपए

विशेषांक

E-Mail : parishkarpatrika@gmail.com

वर्ष - 24 » अंक 2 » जयपुर: 23 अगस्त 2025 से 7 सितंबर 2025 » RNI No : RAJHIN/2002/09810 »

जरूरी सूचना

यदि आपके पास परिष्कार पत्रिका डाक से आता है और हर माह की 10 व 25 तारीख को पाबंदी से नहीं आ रहा है, तो अपने पोस्टमास्टर या डाकिए से हमारी बात कराएं या सूचित करें। इसका निश्चित रूप से समाधान निकलेगा।

सम्पर्क करें 9314407796

39वां केसरिया बादशाह गणपति महोत्सव 27 अगस्त से 6 सितंबर तक

ब्यूरो चीफ/ परिष्कार पत्रिका

अजमेर। 39वां केसरिया गणपति महोत्सव आगामी 27 अगस्त से 6 सितम्बर तक गणपति महोत्सव का आयोजन गोलचक्कर केसरगंज, अजमेर में किया जायेगा। प्रवक्ता राजेंद्र गांधी ने बताया कि प्रति वर्ष की भांति 11 दिवसीय गणपति महोत्सव का शुभारंभ बुधवार को प्रातः 11.15 बजे ढोल-बाजों के साथ किया जाएगा। सवा पांच फुट की गणेश प्रतिमा का विधि विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ पंडाल में स्थापित किया जाएगा। अध्यक्ष आर के महावर ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एक कमेटी का गठन किया गया है। जिसमें सभी को व्यवस्था सम्बंधी जिम्मेदारी सौंपी गई है।

शुभकामना संदेश

फादर पॉल पुलिकल
प्रिंसिपल
सेंट एंसलम पिंक सिटी स्कूल
मालवीय नगर, जयपुर

परिष्कार पत्रिका टीम को 24वें स्थापना दिवस के अवसर सेंट एंसलम पिंक सिटी स्कूल परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल प्रकाशन की कामना करता हूं।

परिष्कार पत्रिका में नियमित रूप से विभिन्न सरकारी योजनाओं और समाचारों का बेहतरीन प्रकाशन किया जा रहा है, पत्रिका में पाठकों को शिक्षा के क्षेत्र में किए जाने वाले विकास कार्यों और गतिविधियों से अवगत कराया जाता है जिसमें विशेष रूप से राजनैतिक, सामाजिक, शिक्षा, खेलकूद से संबंधित विषयों का प्रमुखता से प्रकाशन किया जाता है जो प्रशंसनीय कार्य है। मैं परिष्कार पत्रिका 24 वें स्थापना दिवस के शुभारंभ पर प्रकाशित विशेषांक हेतु आपको और आपकी पूरी टीम को शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं।

जीएससी के छात्रों ने सीएमए परीक्षा में हांसिल की ऑल इंडिया टॉप रैंक

ब्यूरो चीफ रविसिंह किरार/ परिष्कार पत्रिका

जयपुर। शहर की प्रमुख कोचिंग संस्थान ज्ञान सागर क्लासेस जीएससी के विद्यार्थियों ने सीएमए परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिया टॉप रैंक हासिल की। संस्थान के छात्र त्रिशिर गोयल ने ऑल इंडिया रैंक 3 प्राप्त कर नॉर्थ इंडिया और जयपुर टॉपर का गौरव हासिल किया। इनके अलावा मनीष कुमार ने एआईआर 36, कमल तुलसवानी ने एआईआर 37 और अनामिका शर्मा ने एआईआर 45 की रैंक प्राप्त की। इस सफलता पर जीएससी के फाउंडर सीएमए डॉ अक्षय सेन एवं को-फाउंडर डॉ शिवम गुप्ता ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह परिणाम हमारे छात्रों की कड़ी मेहनत, समर्पण हमारी ओर से प्रदान की गई क्वालिटी एजुकेशन, लगातार मार्गदर्शन और नियमित टेस्ट सीरीज का परिणाम है।

ई-साइकिल वितरण समारोह : बेटियों की मुस्कान ही हमारी ताकत

बालिका शिक्षा, महिला सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण, महिला उत्थान हमारी प्राथमिकता : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने बालिकाओं एवं कामकाजी महिलाओं को वितरित की ई-साइकिल

मुख्यमंत्री का आत्मीय संवाद- बेटियों ने जताया आभार, सरकार के प्रयासों को सराहा

ब्यूरो चीफ (विधि)/ परिष्कार पत्रिका

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार बालिका शिक्षा, महिला सुरक्षा, महिला सशक्तीकरण और महिला उत्थान को प्राथमिकता मानते हुए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि बेटियों की मुस्कान ही हमारी ताकत है तथा हम प्रदेश की महिला शक्ति के उत्थान के लिए तत्पर हैं। महिलाओं एवं बेटियों के शिक्षित और सशक्त होने से ही देश और समाज सशक्त होगा। शर्मा मुख्यमंत्री निवास पर बालिकाओं को ई-साइकिल वितरण समारोह के अवसर पर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि माताएं-बहनें हमारी संस्कृति एवं संस्कारों को अगली पीढ़ी तक पहुंचाती हैं। मातृशक्ति समाज एवं परिवार में बच्चों के पालन से लेकर बुजुर्गों की सेवा तक विभिन्न भूमिकाओं का बखूबी निर्वहन करती हैं।

मुख्यमंत्री ने बालिकाओं से आत्मीयता से संवाद करते हुए उनकी जिज्ञासाओं को पूरा किया। छात्रा सीमा यादव ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ई-साइकिल से सपनों को नई उड़ान मिलेगी। वहीं, छात्रा अभिलीने ने कहा कि ई-साइकिल से आवागमन में होने वाली पैसे की बचत से वह कम्प्यूटर की पढ़ाई कर सकेंगी। इसी तरह छात्रा बिनीता गोठवाल ने साइकिल चलाने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने आत्मीयता से कहा कि उनके छात्र जीवन में स्कूल जाने के लिए वे साइकिल का उपयोग करते थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का मूलमंत्र देकर लिंगानुपात में सुधार तथा बालिका शिक्षा को बढ़ावा दिया। उन्होंने कहा कि इसी दिशा में राज्य सरकार का प्रयास है कि कोई भी बेटी शिक्षा से वंचित न रहे। राज्य सरकार द्वारा गार्गी पुरस्कार योजना के तहत 3.90 लाख बालिकाओं एवं बालिका प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के तहत लगभग 2 लाख बालिकाओं को प्रोत्साहन दिया गया है। उन्होंने कहा कि लाडो प्रोत्साहन योजना के तहत गरीब परिवारों की बालिकाओं के जन्म पर 1 लाख 50 हजार रुपये का सेविंग बॉन्ड मिल रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने अब तक विभिन्न योजनाओं में लगभग 11 लाख से अधिक छात्राओं को साइकिल प्रदान की है। शर्मा ने कहा कि प्रदेश में महिला सशक्तीकरण की दिशा में मुख्यमंत्री नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना एवं मुख्यमंत्री मातृत्व पोषण योजना संचालित की जा रही हैं। राज्य सरकार ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में प्रोत्साहन राशि को बढ़ाकर 6 हजार 500 रुपये किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पांच साल में चार लाख सरकारी एवं निजी क्षेत्र में 6 लाख नौकरियों के संकल्प को पूरा करेगी।

संवाद के दौरान निजी क्षेत्र में कार्यरत लाभार्थी आशा ने मुख्यमंत्री से कहा कि ई-साइकिल के मिलने से उनको आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा समय व पैसे की बचत होगी और वह फिट इंडिया मुहिम का हिस्सा भी बन सकेंगी। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाली छात्रा रितिका ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा भर्ती परीक्षाओं का कैलेण्डर जारी करने से बेहतर तैयारी हो पा रही है तथा पेपरलीक जैसी घटनाओं पर अंकुश लगाने से उनका आत्मविश्वास भी बढ़ा है। उन्होंने आभार जताते हुए कहा कि उनके पिता विशेष योग्यजन हैं तथा मुख्यमंत्री को देखकर उन्हें परिवार के सदस्य जैसा प्रतीत होता है जिन्होंने ई-साइकिल का उपहार दिया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर आह्वान किया कि वे सभी दृढ़ निश्चय एवं कड़ी मेहनत के साथ अपने सपनों को पूरा करें। राज्य सरकार बालिकाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए उनके साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री ने इस दौरान बालिकाओं एवं कामकाजी महिलाओं को ई-साइकिल वितरित की। कार्यक्रम में ईईएसएल की ई-साइकिल प्रोग्राम हैड रितु सिंह सहित बड़ी संख्या में लाभार्थी बालिकाएं एवं कामकाजी महिलाएं उपस्थित रहीं।

गीता पढ़े, जीवन को सार्थक बनाएं : वासुदेवनानी

गीता मनीषी स्वामी ज्ञानान्द ने गीता सत्संग किया

देवनानी ने कहा गीता व रामायण घर में रखें, संवाद करें और निराशा को दूर करें

ब्यूरो चीफ रविसिंह किरार/ परिष्कार पत्रिका

जयपुर। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि गीता पढ़ें और निराशा व कुण्ठा को समाप्त कर जीवन को सार्थक बनाएं। उन्होंने कहा कि रामायण व गीता जीवन जीने के लिए कर्म प्रदान ग्रंथ हैं। देवनानी ने अभिभावकों का आह्वान किया कि वे इन दोनों ग्रंथों को घर में रखें। अपने बच्चों को इनका अध्ययन कराएं। इससे निराशा व कुण्ठा समाप्त होगी और जीवन जीने की प्रेरणा मिलेगी। देवनानी यहां कॉन्स्टिट्यूशन क्लब आफ राजस्थान में गीता मनीषी स्वामी ज्ञानान्द के दिव्य गीता सत्संग समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। देवनानी ने स्वामी ज्ञानान्द का शॉल ओढ़ाकर अभिवादन किया। समारोह में आनन्द पोद्दार ने देवनानी का पुष्प गुच्छ भेंट कर और शॉल ओढ़ाकर अभिनन्दन किया। देवनानी ने कहा कि सनातन संस्कृति का वातावरण राष्ट्र को अनुकूल बना रहा है। राष्ट्र नेतृत्व भारत को सनातन संस्कृति के साथ प्रगति की ओर बढ़ा रहा है। भारत शीघ्र ही विश्व गुरू बन जाएगा। देवनानी ने बताया कि उन्होंने अपने शिक्षा मंत्री के कार्यकाल में विद्यालयों में गीता ग्रंथ भिजवाये थे। देवनानी ने नैतिकता की शिक्षा की आवश्यकता प्रतिपादित करते हुए कहा कि नैतिक शिक्षा के लिए गीता अध्ययन जरूरी है। इस अवसर पर जसवीर सिंह, योगी मनीष, हेमन्त सेठीया सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

आईआईए यूनिवर्सिटी में हुआ उड़ान 2025

ब्यूरो चीफ/ परिष्कार पत्रिका

जयपुर। आईआईएस डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी, जयपुर में वार्षिक फ्रेशर कार्यक्रम उड़ान 2025-व बिगिनिंग का भव्य आयोजन किया गया। नए छात्रों के स्वागत में आयोजित इस कार्यक्रम ने पूरे परिसर को उत्साह और उमंग से भर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप वंदना से हुआ, जिसने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक और ऊर्जा से भर दिया। इसके बाद एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियों मंच पर आती रहीं। छात्राओं ने अपनी अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए सेमी-क्लासिकल डांस, ग्रुप सॉलो, फोक डांस, भंगड़ा, स्किट, वेस्टर्न डांस-बीट्सर्टाम, फोक डांस, घूमर, पद्युज डांस और वेस्टर्न डांस, दिव रेडर्स प्रस्तुत किए। यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो दीपक माहुर ने अपने संबोध में कहा कि उड़ान केवल एक सांस्कृतिक उत्सव ही नहीं, बल्कि नवप्रवेशियों को अपनी पहचान बनाने और अपने सपनों को ऊँचाइयों तक ले जाने की प्रेरणा देने वाला मंच है।

पर्यटन व कला एवं संस्कृति विभाग की समीक्षा बैठक

प्रदेश के ऐतिहासिक पर्यटन स्थलों पर उच्चस्तरीय आधारभूत सुविधाएं हो विकसित : मुख्यमंत्री

धार्मिक पर्यटन स्थलों के विकास से स्थानीय स्तर पर बढ़ेंगे रोजगार के अवसर, बजट घोषणाओं को कार्ययोजना बनाकर समय से करें पूरा : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

ब्यूरो चीफ (विधि)/ परिष्कार पत्रिका

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पर्यटन क्षेत्र में स्थानीय व विदेशी पर्यटकों की संख्या में निरंतर बढ़ोतरी से हमारा राजस्थान देश में अग्रणी राज्य बन रहा है। उन्होंने कहा कि पर्यटन क्षेत्र में आ रहे निरंतर बदलाव के अनुरूप प्रदेश में सैलानियों की संख्या में वृद्धि के लिए ऐतिहासिक, प्राकृतिक व धार्मिक स्थलों के विकास कार्यों की कार्ययोजना बनाएं। साथ ही, निरंतर समीक्षा करते हुए समयबद्ध रूप से इन कार्यों को पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि पर्यटन स्थलों के विकास कार्यों में जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय लोगों के सुझावों को भी शामिल किया जाए।

शर्मा, मुख्यमंत्री कार्यालय में पर्यटन व कला एवं संस्कृति विभाग की बजट एवं अन्य महत्वपूर्ण घोषणाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राजकीय संग्रहालयों के उन्नयन एवं संरक्षण, पैनोरमा निर्माण कार्य, बावड़ी जीर्णोद्धार सहित अन्य महत्वपूर्ण विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर चरणबद्ध रूप से पूरा किया जाए। उन्होंने प्रदेश के महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों के विकास के लिए बनाई जाने वाली डीपीआर में कार्य से संबंधित सभी जरूरी पहलुओं को शामिल करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही, उन्होंने इन कार्यों की प्रगति के लिए हर तीन माह में निरंतर मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के धार्मिक पर्यटन स्थलों पर आधारभूत संरचना के विकास से स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। उन्होंने पुष्कर में ब्रह्मा मंदिर कॉरिडोर एवं घाटों का विकास करने के लिए भी निर्देशित किया। उन्होंने बजट घोषणा 2025-26 में प्रदेश के प्रमुख हैरिटेज पर्यटन स्थलों पर किए जाने वाले विकास कार्यों की रूपरेखा बनाने के लिए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में वॉटर एवं डेजर्ट एडवेंचर एक्टिविटीज को बढ़ावा देने के लिए शीघ्र गाइडलाईन तैयार की जाए तथा वेडिंग डेस्टिनेशन को नई ऊंचाईयां देने के लिए प्रदेश के समृद्ध स्थलों को कार्ययोजना बनाकर बढ़ावा दिया जाए। शर्मा ने अधिकारियों को उदयपुर व जोधपुर में ट्रेवल मार्ट के आयोजन की रूपरेखा बनाने के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी, राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत सहित पर्यटन व कला एवं संस्कृति विभाग के उच्चाधिकारी मौजूद रहे।

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग का प्रदेश दौरा- अपराधों में कमी लाने के लिए सामाजिक सहयोग जरूरी

सामाजिक संस्थाओं और साधु-संतों के सहयोग से बदल सकती है समाज की तस्वीर : अध्यक्ष अनुसूचित जाति आयोग

ब्यूरो चीफ (विधि)/ परिष्कार पत्रिका

जयपुर। राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष किशोर मकवाना ने कहा कि अपराधों में कमी लाने और समाज में समरसता लाने के लिए सामाजिक सहयोग ज्यादा जरूरी है। उन्होंने कहा कि सकारात्मक कार्य करने वाली संस्थाओं, साधु-संतों और सामाजिक रूप से प्रभावशाली लोगों के सहयोग से बढ़ते अपराधों में कमी लाई जा सकती है। मकवाना ने बुधवार को शासन सचिवालय के कांफ्रेंस हॉल में आयोजित राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक के दूसरे दिन यह बात कही। इस दौरान सदस्यगण वह्वेपल्ली रामचंदर एवं लवकुश कुमार साथ रहे। आयोग ने अनुसूचित जाति वर्ग के एट्रोसिटी एक्ट ,अत्याचार निवारण नियमद्ध के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की और सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए। गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश में पिछले डेढ़ वर्ष में अनुसूचित जाति वर्ग के अपराधों में काफी कमी आई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशा अपराध मुक्त राजस्थान बनाना है। हालांकि अभी और सुधार की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आयोग से प्राप्त सुझावों पर अमल कर आमजन के विश्वास को और अधिक मजबूत किया जाएगा। आयोग की पुलिस महानिदेशक सनमीत कौर ने पुलिस अधिकारियों से अनुसूचित जाति वर्ग से जुड़े दर्ज अपराध, चालान, चार्जशीट, प्रकरण निस्तारण, वर्ग को दी जाने वाली सहायता राशि आदि के बारे में पुलिस अधिकारियों से जानकारी ली और सुधारात्मक सुझाव भी दिए।

पुलिस महानिदेशक राजीव शर्मा ने आयोग को बताया कि अनुसूचित जाति वर्ग के केसेज में लगातार कमी आ रही है। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में पुलिस दर्ज होने वाले केसों का सूक्ष्म रूप से विश्लेषण करेगी, गंभीर प्रकरणों को केस ऑफिसर स्कीम में शामिल करेगी और घोड़ी पर न चढ़ने जैसी कुरीतियों तथा उनकी मानसिकता में परिवर्तन लाने के लिए जागरूकता लाने के प्रयास करेगी। उन्होंने बताया कि अनुसूचित जाति वर्ग के लिए तुरंत राहत और शिकायत दर्ज करवाने के लिए 18001806025 हेल्पलाइन भी 24 घंटे प्रभावी रूप से संचालित की जा रही है।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक मानवाधिकार मालिनी अग्रवाल ने पुलिस द्वारा किए गए कार्यों को पीपीटी प्रस्तुतीकरण के जरिए बताया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2023 के मुकाबले 2024-25 में हत्या, बलात्कार व अन्य अपराधों के आंकड़ों में कमी आई है। उन्होंने बताया कि एट्रोसिटी के मामले जहां 2023 में 8212 दर्ज हुए थे वहीं 2024 में इनकी संख्या 7007 रह गई। 2025 में अभी तक 3651 मामले दर्ज हुए हैं। बैठक में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव अपर्णा अरोड़ा, अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह भास्कर एस सावंत, सचिव आयोग जी श्रीनिवास, संयुक्त सचिव एच काम सुआनथांग, निदेशक कौशल कुमार, सामाजिक न्याय निदेशक आशीष मोदी सहित गृह, पुलिसए मानवाधिकार, अभियोजन, कारागार, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण सहित संबंधित विभागों के उच्च स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

बालिका छात्रावास का किया निरीक्षण, साथ में भोजन भी किया, छात्राओं ने बोला थैंक यू सर : राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग अध्यक्ष किशोर मकवाना, सदस्यगण वह्वेपल्ली रामचंदर एवं लवकुश कुमार ने जामडोली कैंपस स्थित अनुसूचित जाति वर्ग की बालिकाओं के लिए संचालित छात्रावासों का निरीक्षण किया। आयोग के सदस्यों ने कैंपस में वृक्षारोपण किया और बालिकाओं के साथ मेस में भोजन करते हुए अनौपचारिक रूप से संवाद भी किया। बालिकाओं में आयोग से आए अतिथियों को लेकर खासा उत्साह देखा गया। आयोग को विदा करते समय बालिकाएं थैंक यू सर कहकर आभार जताती नजर आईं।

667 नए आवासों से खुले बेहतर जीवन के द्वार

नगरीय विकास मंत्री ने की राजस्थान आवासन मंडल की 5 नवीन आवासीय योजनाओं की शुरूआत

राज्य सरकार दे रही हर वर्ग को सम्मानजनक और आधुनिक आवास का अवसर : नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री

आवास का सपना साकार करने के लिए मण्डल आमजन की पहली पसंद : खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री

ब्यूरो चीफ (विधि)/ परिष्कार पत्रिका

जयपुर। राजस्थान आवासन मण्डल की बहुप्रतीक्षित आवासीय योजनाओं का बुधवार को आवास भवन जयपुर में भव्य शुभारम्भ किया गया। नगरीय विकास, स्वायत शासन एवं आवासन मंत्री झाबरसिंह खर्रा ने इन योजनाओं की शुरुआत करते हुए कहा कि यह केवल निर्माण नहीं, बल्कि प्रदेशवासियों को सुरक्षित और सुविधायुक्त जीवन की ओर ले जाने वाला कदम है। खर्रा ने बताया कि इन 5 विशिष्ट पंजीकरण योजनाओं के तहत कुल 667 आवास/ फ्लैट्स बनाए जाएंगे, जो उदयपुर, बारां, बूंदी, धौलपुर और बाड़मेर जैसे जिलों में आमजन को एक बेहतर आवासीय विकल्प देंगे।

मुख्य योजनाएं इस प्रकार हैं : बूंदी जिले की नैनवा आवासीय योजना, पॉकेट-ए एवं पॉकेट-बी में विभिन्न आय वर्ग के लिए 72 स्वतंत्र आवास, लागत 7 लाख 80 हजार से प्रारम्भ। बारां जिले की अटरू आवासीय योजना में विभिन्न आय वर्ग के लिए 189 स्वतंत्र आवास, लागत 7 लाख 60 हजार से प्रारंभ। बाड़मेर जिले की लंगेरा आवासीय योजना में ईडब्ल्यूएस/ एलआईजी आय वर्ग के लिए 200 स्वतंत्र आवास, लागत 8 लाख 61 हजार से प्रारंभ। धौलपुर जिले की बाड़ी रोड योजना में ईडब्ल्यूएस/ एलआईजी जी3 आय वर्ग के लिए 64 फ्लैट्स, लागत 12 लाख 45 हजार से प्रारम्भ। उदयपुर जिले की पालोरिया की माइडी में ईडब्ल्यूएस, एलआईजी जी3 आय वर्ग के लिए 142 फ्लैट्स, लागत 11 लाख 68 हजार से प्रारम्भ।

इस अवसर पर मंत्री खर्रा ने कहा कि राजस्थान के यशस्वी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार हर वर्ग को आवास उपलब्ध कराने के लिए कृतसंकल्पित है। उन्होंने कहा की राज्य सरकार सिर्फ मकान नहीं दे रही, बल्कि एक सम्मानजनक जीवन का माध्यम दे रही है।

उन्होंने बताया कि सभी योजनाएं समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण ढंग से विकसित की जाएंगी, ताकि लाभार्थियों को आधुनिक जीवन की समस्त सुविधाएं मिल सकें। इस कार्यक्रम में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने भी शिरकत की गोदारा ने कहा की राजस्थान आवासन मण्डल आमजन के आवास के सपने को साकार करने के लिए आज भी पहली पसंद हैं। उन्होंने मण्डल की योजनाओं की मुक्त कंठ से सराहना की।

उल्लेखनीय है कि मई माह में ही मण्डल ने 427 आवासों की 5 आवासीय योजना जयपुर, बारां, बूंदी और धौलपुर में शुरू की थी। शुभारम्भ समारोह में आवासन मण्डल के अध्यक्ष देवाशीष पृष्टि, आवासन आयुक्त डॉ रश्मि शर्मा, सचिव डॉ अनिल पालीवाल, मुख्य अभियंता अमित अग्रवाल, टीएस मीना, प्रतीक श्रीवास्तव सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी, जनप्रतिनिधि, आम नागरिक व मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी ने सरकार के इस निर्णय का स्वागत करते हुए इसे आमजन के आवास के सपने को साकार करने की दिशा में एक मजबूत कदम बताया।

प्रकाशन के लिए अपने संदेश भेजें या मेल करें-

संपादक,
परिष्कार पत्रिका,
ब्रांच ऑफिस : शॉप नं 2, प्लाट नं 36 भैरव नगर, ईएसआई के पास, हटवाड़ा रोड़, जयपुर-302006
मो. 9314407796
parishkarpatrika@gmail.com

अधिक खबरों के लिए परिष्कार पत्रिका की वेबसाइट पर देखें www.parishkarpatrika.com

PRIME TRACK

शायर सिंह किरार
ट्रैकोन कोरियर प्रा. लि.

Trackon
Couriers Pvt. Limited

अपने प्रियजनों को भेंजे संदेश या उपहार, घर बैठे कोरियर पिकअप और डिलीवर के लिए हमसे सम्पर्क करें -

शॉप नं. 2, प्लाट नं.36, भैरव नगर, हटवाड़ा रोड़, जयपुर [राजस्थान]
मो. नं. 8561888504, 6350176413, 9314407796

सम्पादकीय

परिष्कार पत्रिका जयपुर। परिष्कार पत्रिका के 23वें स्थापना दिवस पर सभी पाठकों को हार्दिक शुभकामनाएं। 8 अगस्त 2002 को शुरू किए इस सफर में समय-समय पर समय को बदलता देखा। कई उतार-चढ़ाव के साथ हम निरंतर आगे बढ़े। हर वर्ष कुछ समय सावन का तो कुछ समय पतझड़ का भी होता है। पतझड़ के समय पेड़-पौधों को ना तो ठीक से नमी मिल पाती है और ना ही उसे ठीक से आवश्यक पोषक पदार्थ, बल्कि हर पेड़ को पतझड़ में तेज हवाएं और तेज धूप का सामना करना पड़ता है। इसलिए पेड़-पौधों पतझड़ में झड़ने लग जाते हैं। इसी प्रकार जीवन में समय-समय पर कुछ कठिन समय आते हैं, कुछ कठिन परेशानियां व समस्याएं आती रहती है। कठिन समय में ही हमारे बनाए गए रिश्तों और हमारे सामर्थ्य एवं धैर्य की वास्तविक पहचान होती है। ऐसे में कौन-कौन लोग हमारे कठिन समय में साथ में निभाते हैं, साथ खड़े होते हैं, मदद करते हैं मार्गदर्शन करते हैं। परिष्कार पत्रिका के 24वें वर्ष में आगे कदम बढ़ाना यही दर्शाता है। हमारी खुशहाली और संपन्नता में तो अनेक लोग मित्र या साथ होने का दावा करते हैं, परन्तु मित्र व साथी की वास्तविक पहचान कठिन समय में ही होती है। जिस प्रकार बारिश में हर पेड़ पौधा हरा-भरा रहता है, इस प्रकार खुशी के समय हमें किसी की आवश्यकता नहीं होती। उस समय अनेक लोग साथ खड़े रहते हैं। इसलिए कहा है कि पतझड़ में रिश्तों की परख होती है, बारिश में तो हर पता हरा दिखाई देता है। परिष्कार पत्रिका की 23वाँ में पाठकों और विज्ञापनदाताओं के सहयोग के साथ सम्पादकीय टीम और परिवार के प्रत्येक सदस्यों के कठिन परिश्रम और नियमित बनाए रखने के कारण ही अब 24 वें वर्ष में प्रवेश हुआ है। जल्दी ही हम सभी के साथ मिलकजुलकर परिष्कार पत्रिका की 25वीं वर्षगांठ में शामिल होंगे। बस हमारे सुधि पाठकों के सुझाव और मार्गदर्शन हमें निरंतर आगे बढ़ने को प्रेरित करते हैं। अक्सर कुछ लोग सच्चाई छुपा कर अंधेरे में रखने का प्रयास करते हैं, गलत जानकारी, गलत सूचना, गलत इतिहास एवं गलत रास्ता बताकर सच्चाई से गुमराह कर देते हैं और लक्ष्य से भटका देते देते हैं। ऐसे में हमें अपने रिश्तों और समाज में ऐसे लोगों को पहचान कर उनसे किनारा करने में ही भलाई है। तभी हम अपने लक्ष्य पर अडिग रह सकते है। एक बार पुनः आप सभी को स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

जय हिन्द, जय भारत।

गोयनका ट्रस्ट का गोयनका रिकग्निशन सम्मान समारोह 2025

विकृतियों का समाधान संस्कार है : देवनानी अपनी जड़ों से जुड़े रहे-यह राजस्थान हमारा है

वरीष्ठ संवाददाता (विधि)/ परिष्कार पत्रिका

फतहपुर। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि सनातन है तो हम है और सनातन नहीं है तो हम भी नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि जीवन्तता में भी जीवन है। विकृतियों का समाधान संस्कारों से होगा। समाज केवल ईमारतों और सडकों से ही नहीं बनता उसके लिए साथ ही मानवीय मूल्यों, सेवा और परम्पराएं भी जीवित रखने होते है। गोयनका ट्रस्ट द्वारा आयोजित सम्मान की परम्परा से उन विभूतियों को पहचान मिल रही है जिन्होंने अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देकर समाज के लिए प्रेरणा स्त्रोत बने है। यह सम्मान व्यक्तियों के साथ उनके मूल्यों का है।

देवनानी फतहपुर शेखावाटी में जमीनी स्तर पर सकारात्मक बदलाव लाने वाले गुमनाम नायकों को दिये जाने वाले गोयनका रिकग्निशन सम्मान समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। देवनानी ने व्यापार, समाज सेवा, कला, विज्ञान, खेल-कूद, शिक्षा, साहित्य, स्वास्थ्य आदि क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले गोयनका साधुवाद के शूरवीरों को पुरस्कार प्रदान किये। देवनानी ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारम्भ किया। समारोह में पहुँचने पर देवनानी का विशाल फूल माला पहनाकर और शॉल ओढाकर अभिनन्दन किया गया। देवनानी ने कहा कि गोयनका परिवार ने शेखावाटी की धरा को आगे बढाया है। उन्होंने कहा कि जन्म स्थली को कभी नहीं भूलना चाहिए। जो जडों से अलग हो जाते है, वे हरे-भरे नहीं रह पाते है। हम कहीं भी रहें यह राजस्थान हमारा है। व्यापार जीवन का अंग है। अपनी जन्म स्थली को सेवा के माध्यम से जब भी समय मिले उसके लिए कार्य करना चाहिए। यही हमारी संस्कृति और सामाजिक जिम्मेदारी हैं। देवनानी ने कहा कि राजस्थान की इस धरा ने शौर्य की गाथाएं दी है, सन्तों की वाणी दी है और व्यापारियों को निष्ठा दी है। गोयनका परिवार ने शेखावाटी की इस धरा की समृद्ध परम्परा को आगे बढाया है। देवनानी ने गोयनका परिवार सहित पूरी आयोजन समिति का अभिनन्दन करते हुए कहा कि यह समारोह एक संस्कृति का उत्सव है। साथ ही यह गोयनका संगम पीढियों को जोडने वाला सेतु है। आने वाली पीढियों के लिए यह परम्परा प्रेरणा और ऊर्जा का स्त्रोत रहेगी। सेवा उद्यम और संस्कृति की इस परम्परा से सामाजिक सेवा और मानव कल्याण को नई दिशा मिलेगी।

देवनानी ने कहा कि 21वीं शताब्दी भारत की होगी, यह भविष्यवाणी अब प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में साकार हो रही है। राष्ट्र का सम्मान पूरे विश्व में बढता ही जा रहा है। भारत को हर क्षेत्र में सफलता मिल रही है। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष शनिवार को तीन दिवसीय यात्रा पर दिल्ली जाएंगे। देवनानी दिल्ली विधान सभा में आयोजित अखिल भारतीय विधान सभा अध्यक्षों के सम्मेलन में भाग लेंगे। देवनानी का सोमवार को सांय जयपुर लौटने का कार्यक्रम है।

बेटियों ने एक बार फिर साबित किया कि हमारी बेटियां किसी से कम नही

ब्यूरो चीफ/ परिष्कार पत्रिका

जयपुर। समरस भारत सेवा संस्थान और जयपुर नगर निगम ग्रेटर द्वारा आयोजित राजस्थान की सबसे बड़ी दही हांडी प्रतियोगिता में अर्जुन बाल निकेतन की 14 वर्ष से अधिक उम्र की बालिकाओं जिनमें कीर्ति, परी, जिज्ञासा, मिनीता, गुंजन, हंशु, नविना, मीनू, दिव्या, रिया, चेतना, समीक्षा, यथिका, पायल, चंचल, तनु, कविता ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया व अंडर 14 वर्ग की बालिकाओं जिसमें यती, खुशी, वंशिका, किरण, श्रेया, मानसी, पायल, हर्षिता, रेणु, आराध्या, निशा, साक्षी, इशिका, तनिष्का, वर्षा, भारती ने तृतीय स्थान पार कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया।

छात्राओं की इस सफलता में इनके गुरुजनों मुकेश शर्मा, अमरचंद डाबरिया, करण सिंह नेगी, ममता चौहान, अर्चना शर्मा, महेश सैन का विशेष योगदान रहा। विद्यालय के निदेशक गोपाल लाल और प्रधानाचार्य अनिल सिंह देवल ने विजेता तीनों को शुभकामनाएं और सभी गुरुजनों का आभार व्यक्त किया।

जयपुर विकास प्राधिकरण जयपुर

ट्रैफिक कन्ट्रोल बोर्ड की बैठक में दिए निर्देश

ब्यूरो चीफ रविसिंह किरार/ परिष्कार पत्रिका जयपुर। जयपुर विकास आयुक्त आनंदी की अध्यक्षता में जेडीए के मंत्रण सभागार में ट्रैफिक कन्ट्रोल बोर्ड की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में विभिन्न एजेण्डों पर विचार-विमर्श कर निर्णय लिये गये। बैठक में एडीसनल कमिश्नर ट्रैफिक, सचिव जेडीए, डीसीपी ट्रैफिक, जेडीए के अभियांत्रिकी निदेशक-प्रथम एवं द्वितीय, निदेशक आयोजना, अतिरिक्त मुख्य अभियंता, सदस्य सचिव टीसीबी, मुख्य सतर्कता अधिकारी नगर निगम ग्रेटर एवं हैरिटेज, राजस्थान आवासन मण्डल, मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन, स्मार्टसिटी, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी परिवहन विभाग, पीडब्ल्यूडी, एनएचएआई, जेएमआरसी, नगर निगम ग्रेटर एवं हैरिटेज, रीको के अधिकारीगण एवं मुरूवान एनजीओ के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में जेसीटीएसएल द्वारा वर्तमान में संचालित बसों हेतु 150 नवीन बस शेल्टर्स निर्माण हेतु परिवहन विभाग, नगर निगम, जेसीटीएसएल एवं पुलिस उपायुक्त यातायात द्वारा संयुक्त रूप से सर्वे करवाये जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में जेसीटीएसएल द्वारा 300 इलेक्ट्रिक बसों हेतु 45 हजार वर्गमीटर भूमि की मांग रखी गई।

माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश 14मई 2025 के अनुसार आमजन व दिव्यांगजन-अणुव्रत फुटपाथों के निर्माण के संबंध में जारी दिशा - निर्देशों के क्रम में वास्तविक संभवता एवं आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए आवश्यकतानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये। यातायात के सुगम संचालन के दृष्टिगत 80 फीट एवं अधिक चौडाई की सडकों पर आवश्कतानुसार यातायात पुलिस की अभिसंषा पर डिवाइडर शहर में विभिन्न सडकों पर लगाये जायेंगे।

यातायात सुधार हेतु मुख्य सडकों, दुर्गापुरा पुलिया से महारानी फार्म, विजय पथ, पटेल मार्ग एवं स्वर्ण पथ, महेश नगर, वैशी नगर, किंग्स रोड, शांति नगर, गोपालपुरा से जनपथ कॉर्निग पर डिवाइडर लगाने/मीडियन लगाने के निर्देश दिये। संस्थान पथ आरआईसी रोड की चौडाई बढाने के निर्देश दिये। जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा हीरापुरा बस टर्मिनल का कार्य पूर्ण किया जा चुका है, टर्मिनल को परिवहन विभाग को हस्तांतरित करने के निर्देश दिये। एआई आधारित नियंत्रित सिग्नलों में अपग्रेड करने हेतु ट्रैफिक सिंग्नलों की डिटेल उपायुक्त पुलिस ट्रैफिक से प्राप्त कर बजट हेतु प्रस्ताव गृह विभाग को भेज दिया गया है। यातायात पुलिस द्वारा कार्य का विस्तृत स्कोप ऑफवर्क उपलब्ध कराने हेतु डीसीपी ट्रैफिक पुलिस को पत्र प्रेषित किया गया। राष्ट्रीयराज्य राजमार्गों एवं मुख्य मार्गों पर वाहनों का संचालन अत्यधिक होता है एवं इन मार्गों पर अन्य वाहनों की सामान्य गति ई-रिक्शा/ई-कार्ट की अधिकतम गति से अधिक होती है। ऐसे में इन वाहनों से मुख्य मार्गों पर संचालित होने से यातायात बाधित होता है। इस हेतु जयपुर शहर ई/रिक्शा/ई-कार्ट के सुलभ संचालन हेतु यातायात पुलिस जयपुर द्वारा 18 जुलाई 2025 को अधिसूचना जारी कर दी गई है।

ट्रैफिक पोल इलूमिनेशन की स्थापना हेतु यातायात अनुशासन एवं शहरी सौंदर्यीकरण हेतु राम्बाग चौराहे पर ट्रैफिक पोल इलूमिनेशन का प्रायोगिक परीक्षण किया गया है जिसमें ट्रैफिक सिग्नल के साथ ट्रैफिक पोल भी उसी रंग की लाईट में दिखाई देने से वाहन चालकों को दूर से ही सिग्नल नज़र आने से यातायात अनुशासित हुआ है। इसे अन्य चौराहों/ त्रिराहों पर लगवाये जाने की आवश्यकता प्रतीत होती है। ट्रैफिक पोल इलूमिनेशन हेतु ऑक्टापोल सिग्नल एलएलकर चौराहा, ओटीएस चौराहा, बजाज नगर तिराहा, गणेश मंदिर चौराहा, राजस्थान यूनिवर्सिटी, पोलो सर्किल, सोडाला चौराहाए 200 फिट बाईपास, गोपालपुरा चौराहा, रिझी सिझी चौराहा, धोबीघाट सर्किल पर लगवाये जाने प्रस्तावित है। बस स्टॉप दिल्ली रोड एवं बजरी मंडी, दिल्ली रोड पर नवीन बस-स्टॉप गर्मी एवं धूप, वर्षा से बचाव के लिए स्थाई व्यवस्था हेतु बस स्टॉप पर यात्रीगणों के लिए बैठने हेतु बेंच का निर्माण किया जा चुका है तथा लाईट/ पानी की पर्याप्त व्यवस्था है। बैठने हेतु पर्याप्त स्थान सुनिश्चित करने हेतु नगर निगम को निर्देश दिये। यादगार एवं अजमेरी गेट के मध्य मीडियन हटवाये जाने हेतु आवश्यकता के संबंध में कन्सलटेन्ट से सर्वे करवा लिया गया है। सर्वे रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात रिपोर्ट अनुसार कार्यवाही की जानी प्रस्तावित है।

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने की प्रदेश के सांसदों के साथ मुलाकात

केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं को गति प्रदान करने और राज्य के सर्वांगीण विकास के संबंध में हुई चर्चा

ब्यूरो चीफ/ परिष्कार पत्रिका

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने नई दिल्ली में प्रदेश के सांसदों से मुलाकात कर उनसे केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं को गति प्रदान करने और राज्य के सर्वांगीण विकास के संबंध में विस्तृत चर्चा की। बीकानेर हाउस में आयोजित इस बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सांसदों से राज्यहित के मुद्दों पर संसद में तत्परता से चर्चा करने तथा विभिन्न मंत्रालयों में प्रदेश की स्वीकृतियों और फंडिंग के विषयों पर कार्य करने के लिए आग्रह किया। शर्मा ने पीएम सड़क योजना आदि को तेजी से लागू करने के लिए सांसदों का सहयोग भी मांगा। साथ ही, प्रदेश में अधिक से अधिक निवेश का वातावरण बनाने के लिए केन्द्र सरकार के साथ ज्यादा तत्परता के साथ कार्य करने के लिए अनुरोध किया। बैठक में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, भूपेन्द्र यादव, भागीरथ चौधरी, राज्यसभा सांसद मदन राठौड़, चुन्नीलाल गरासिया, घनश्याम तिवाड़ी, राजेन्द्र गहलोत, लोकसभा सांसद दामोदर अग्रवाल, सीपीजोशी, दुष्यंत सिंह, तुंबाराम मौर्य, महिमा कुमारी मेवाड़, मंजू शर्मा, महालाल रावत, पीपी चौधरी, राव राजेन्द्र सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

पिंकसिटी प्रेस क्लब में फोटो जर्नलिज्म पर परिचर्चा

वर्ल्ड फोटोग्राफी डे पर केक कटिंग का आयोजन

ब्यूरो चीफ रविसिंह किरार/ परिष्कार पत्रिका

जयपुर। पिंकसिटी प्रेस क्लब में विश्व फोटोग्राफी दिवस पर फोटो जर्नलिज्म पर परिचर्चा की गई। केक काटकर विश्व फोटोग्राफी दिवस मनाया। प्रेस क्लब अध्यक्ष मुकेश मीणा एवं महासचिव मुकेश चौधरी ने सभी फोटोजर्नलिस्ट को वर्ल्ड फोटोग्राफी डे की बधाई देकर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर वरिष्ठ छायाकार हिमांशु व्यास एवं क्लब के पूर्व अध्यक्ष एलएल शर्मा सहित अनेक पत्रकारों एवं छायाकारों ने विश्व फोटोग्राफी दिवस पर अपने विचार सांझा किए। कार्यक्रम संयोजक विनेश कुमार सैनी सह-संयोजक दीपक सैनी रहे। वरिष्ठ छायाकार हिमांशु व्यास ने बताया कि एआई के दौर में फोटोग्राफी के मूल स्वभाव की रक्षा और पोषण एक फोटोजर्नलिस्ट ही कर सकता है क्योंकि फोटो पत्रकारिता में एआई से मनगढंत इमेजेज नहीं चलती है, जो सच है वही चिलक होता और दिखाता है। इस दौरान फोटो जर्नलिज्म के समक्ष नई चुनौतियां पर चर्चा की गई। प्रेस क्लब कोषाध्यक्ष विकास शर्मा ने कहा कि फोटो जर्नलिज्म पत्रकारिता की आत्मा है, इसे अलग नहीं किया जा सकता। प्रेस क्लब अध्यक्ष मुकेश मीणा ने कहा कि लंबे समय बाद क्लब में जल्द ही डिजिटल लाइब्रेरी शुरू की जाएगी जिसका सभी फोटो जल्दी साथियों को लाभ मिलेगा।

फोटोजर्नलिस्ट सुरेन्द्र जैन पारस, भागीरथ, रवि शंकर व्यास, दिलीप सिंह, संतोष शर्मा, शुभाष भार्गव, प्रमोद शर्मा, सुनील शर्मा, अनिल शर्मा, विशाल भटनागर एवं हरिकिशन झा, क्लब उपाध्यक्ष डॉ मोनिका शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य ओमवीर भार्गव, उमंग माथुर, विकास आर्य वरिष्ठ पत्रकार बृहस्पति शर्मा, सत्य पारीक, लोकेन्द्र शर्मा सहित अनेक वरिष्ठ पत्रकार एवं छायाकार उपस्थित थे।

एमसीयू का सत्रारंभ कार्यक्रम अभ्युदय आरंभ

एमसीयू के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय मीडिया में दिया ऐतिहासिक योगदान : मुख्यमंत्री डॉ यादव

दादा माखनलाल चतुर्वेदी की प्रतिमा का अनावरण

परिष्कार पत्रिका भोपाल/ संवाददाता।

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय ने पिछले पैंतीस वर्षों में राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति अर्जित की है। यहां से शिक्षा प्राप्त पत्रकारों ने मीडिया की दुनिया में मानक स्थापित किए हैं। वे यहां माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल के अकादमिक सत्र 2025-26 का सत्रारंभ समारोह में मुख्य अतिथि की आसंदी से बोल रहे थे। इस मौके पर प्रख्यात कवि डॉ कुमार विश्वास, विश्वविद्यालय के कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी, राज्य शासन में मंत्री कृष्णा गौर, मेयर मालती राय, विधायक भगवान दास सबनानी, रामेश्वर शर्मा, उमाकांत शर्मा, जनसम्पर्क आयुक्त डॉ सुदाम खाडे विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर उन्होंने दादा माखनलाल चतुर्वेदी की 12 फीट उंची प्रतिमा का अनावरण भी किया। इस दौरान अतिथियों ने परिसर में पौधरोपण भी किया।

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि समाज के संचालन में पत्रकारों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि देवर्षि नारद आदि पत्रकार हैं जिनके जीवन और कार्यव्यवहार से हमें ज्ञात होता है कि अगर पत्रकारिता में लोककल्याण का भाव होगा तो पत्रकारिता बेहतर होगी। मुख्यमंत्री ने रामायणकाल में हनुमानजी को भी एक खोजी पत्रकार के बतौर महत्वपूर्ण संदेश देने वाला बताया। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता विश्वविद्यालय की साख पूरे देश में है। माखनलाल चतुर्वेदी की पत्रकारिता से जुड़े स्वतंत्रता प्रसंग तथा ब्रिटिश हुकूमत की क्रूरता पर चर्चा करते हुए डॉ यादव ने कहा कि एमसीयू ने आज भी उस परंपरा को जीवित रखा हैं।

समाज का छपे हुए शब्दों पर भरोसा कायम : डॉ कुमार विश्वास

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जाने माने कवि और रामकथा विशेषज्ञ डॉ कुमार विश्वास ने नवागत विद्यार्थियों का आह्वान करते हुए कहा कि वे एक चुनौतीपूर्ण व्यवसाय में प्रवेश कर रहे हैं जिसकी सबसे बड़ी अनिवार्यता विश्सनीयता है। उन्होंने कहा कि समाज का आज भी छपे हुए और बोले हुए शब्दों पर भरोसा कायम है। इस विश्वास को कायम रखना आने वाली पत्रकार पीढ़ी की जिम्मेदारी है।

मुख्य अतिथि जाने-माने कवि डॉ कुमार विश्वास ने कहा कि देश की पत्रकारिता में पिछले 10-11 वर्षों में बहुत अंतर आया है। आज मीडिया में थोपे गए विषय नेपथ्य में जा रहे हैं और देश तथा समाज से जुड़े जो अहम विषय पहले नजरअंदाज कर दिये जाते थे आज वे पत्रकारिता में प्रमुखता से नजर आने लगे हैं। डॉ विश्वास ने कहा कि किसी विचार को केंद्र में रखते हुए भी तटस्थ होकर लिखना ही पत्रकारिता है। पत्रकारिता के युवा विद्यार्थी परम्परा से पत्रकारिता के पाठ सीख सकते हैं। भारत के ज्ञान और उसकी परंपरा के प्रति किसी भी प्रकार की ग्लानि का भाव नहीं होना चाहिए। उन्होंने रामायण से जुड़े अनेक प्रसंगों में संचार के महत्व तथा हनुमान, अंगद की निर्भीकता, तटस्थता, समर्पण जैसे गुणों को पत्रकारिता के संदर्भों में समझाया। विद्यार्थियों को अपने संदेश में उन्होंने कहा कि युवा अध्ययनशील बनें और नैतिकता के साथ कार्य करते हुए राष्ट्रधर्म को सर्वोच्च रखें। सत्रारंभ के पहले दिन साफ्ट स्किल्स पर संवाद करते हुए वरिष्ठ संपादक और लेखक एन रघुरामन ने कहा कि जीवन के हर क्षेत्र में सफल होने के लिए लोगों से व्यवहार करने का कौशल, पूर्वाग्रहों से मुक्त रहना, क्रोध को काबू में रखने के कौशल जैसे गुण बहुत जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि आज हर क्षेत्र में सॉफ्ट स्किल्स एक आवश्यक गुण है। इसके बाद एनिमेशन की दुनिया से जुड़े वरिष्ठ फिल्मकार तथा विशेषज्ञ आशीष कुलकर्णी ने एआई के दौर में बदलती तकनीकों पर संवाद किया। उन्होंने कहा कि आज के दौर में हर कार्यक्षेत्र में तकनीक का समावेश हो चुका है। आने वाले दौर में मीडिया में वीडियो, वर्चाुलर क्षेत्रीय कंटेंट और वाइस का बहुत योगदान बढ़ने वाला है। कुलकर्णी ने कहा कि तकनीक परिवर्तनशील होती है इसीलिए युवाओं को चाहिए कि वे अपने बुनियादी ज्ञान को बेहतर बनाएं। आज के अलग-अलग सत्रों में विश्वविद्यालय की पूर्व छात्राओं निधि परमार, जूही कुलश्रेष्ठ तथा स्वाति कौशिक ने भी विश्वविद्यालय में अपने अध्ययन और अनुभवों से जुड़े विचार साझा किए। उद्घाटन सत्र में विनय उपाध्याय तथा बाद के सत्रों में प्रो सीपी अग्रवाल, डॉ अविनाश वाजपेयी तथा डॉ अनीता सोनी ने संचालन किया। कार्यक्रम के अंतिम सत्र के बाद आभार विश्वविद्यालय की कुलसचिव प्रो डॉ पी शशिकला ने किया।

कुलगुरू विजय मनोहर तिवारी ने नवागंतुक विद्यार्थियों को संदेश देते हुए कहा कि वे निरंतर अध्ययन करते रहें तथा अपने अभिभावकों की आशाओं पर खरा उतरने का प्रयास करें। कुलगुरू ने यह भी कहा कि आगामी समय में विश्वविद्यालय एआईए डीप फेक और साइबर सिक्योरिटी जैसे नए विषयों पर नए पाठ्यक्रम आरंभ करेगा। कुलगुरू तिवारी ने कहा कि एमसीयू में देश की अग्रणी समाचार पत्रों द्वारा चुनाव घटनाक्रमों के कवरेज से जुड़े प्रथम पृष्ठों की एक गौरवी परिसर में स्थापित की है।

कुमार विश्वास उवाच : देश में आज भी छपे और बोले गए शब्दों पर लोगों का भरोसा कायम है। इसलिए पत्रकारिता की विश्वसनीयता सबसे बड़ा सवाल है। इसके लिए जिंदगी लगा दें। यह कहना सबसे बड़ा झूठ है कि हम जनता की पसंद का कंटेंट देते हैं। लोकरूचि के नियामक हम हैं। अपने पाठकों की रूचि बनाना भी हमारा काम है। विचार और पत्रकारिता के बीच का अंतर नारद बताते हैं। वे नारायण भक्त हैं, किंतु उनके दरबार में भी सच बोल सकते हैं। हमारे विचारों पर पश्चिम की बहुत गहरी छाया है। हमें आज भी लगता है कि जो कुछ अच्छा है वह पश्चिम से आया है। अब अंदर झांकने का समय है। भारत के ज्ञानबोध के प्रति ग्लानि से मुक्त होना जरूरी है। किसी कस्बे में बैठा पत्रकार स्थानीय बाधेदार से अत्याचय कारणों से रिश्ते नहीं बिगाड़ना चाहता वह ठीक है। किंतु दिल्ली में बैठकर अनुकूल आकाओं के लिए लिखने वालों को क्षमा नहीं किया जा सकता। अपने विचारों से तटस्थ होकर लिखना ही पत्रकारिता है। जिन्हें अच्छा पत्रकार बनना है, वे कम से कम तीन साल प्रिंट मीडिया में लगाएं। इससे आप भाषा का संस्कार और सार्थक उपयोग सीख पाएंगे।

सुविचार

सुनी हुई बात पर भरोसा सोच-समझ कर करना चाहिए, क्योंकि कोई भी व्यक्ति आपको कहानी का वो भाग कभी नहीं सुनाएगा, जहां वह स्वयं गलत था

समाज के जन प्रतिनिधि समाज के विकास के लिए अपने अहंकार को त्यागे

समाज के विकास के लिए पद विमुक्त पदाधिकारियों से सावधान रहे आमजन : विजय सिंह किरार

विजय सिंह किरार
सामाजिक कार्यकर्ता और विश्लेषक

समाज के विकास में मीडिया की भूमिका महत्वपूर्ण है लेकिन कुछ लोग जो यह सोचते है कि हम किसी को भी कोई भी पद पर बिठा सकते है तो यह गलत है। उन्हें मर्यादा में रहना होगा। अभी पिछले अंक मे घनश्याम पांचदन के एक लेख में समाज के चुनिंदा लोगों पर कड़ा प्रहार किया गया। सही भी है।

समाज में हर कॉलोनियों में अलग अलग समितियां बनी हुई है। जिले स्तर पर, राज्य स्तर पर यहां तक कि राष्ट्रीय स्तर पर भी जो समितियां बनी हुई है उनमें भी पदाधिकारियों के आपस में बड़ा मतभेद है जिसके चलते जहां एक और दो-दो अध्यक्ष-महामंत्री पदाधिकारी बने हुए हैं वहीं जो बने हुए वे अपना कार्यकाल पूरा होने के बावजूद भी अपना पद छोड़ने को तैयार नहीं। यह कहना है समाज के प्रति पिछे कई वर्षों से समर्पित कार्यकर्ता और परिष्कार पत्रिका के वरीष्ठ संवाददाता विजय सिंह किरार।

समाज के विकास में मीडिया महत्वपूर्ण लेकिन सूचना देने वाले हर व्यक्ति पत्रकार नहीं : घनश्याम पांचदन

उन्होंने बताया कि हम अपनी कॉलोनी हथरोई बावड़ी से बात शुरू करें तो यहां पर श्री धानका समाज विकास समिति हथरोई बावड़ी जयपुर बनी हुई है। फिलहाल इसके चुनावों का इंतजार है। इस समिति के अध्यक्ष राधाकिशन परदेवाल का 10 सितंबर 2022 को निधन होने बावजूद महामंत्री सर्वसर्वा बने हुए हैं। वे जहां एक ओर चुनाव नहीं होने दे रहे वहीं दूसरे ओर उनका मानना है कि समाज के लोग उनके कहने से चलते है। वे किसी को कोई भी पद नियुक्त और पद विमुक्त कर सकते हैं। जबकी ऐसा नहीं है। उन्होंने तो एक जगह कहा भी कि अमुक व्यक्ति को तो इस पद पर हमने नियुक्त किया। जबकि वे खुद 17 अप्रेल 2016 के चुनाव में जीत कर आए थे और उस समिति का कार्यकाल अब पूरा होने के बाद पद विमुक्त हो चुके है। कायदे से उन्हें चुनाव के लिए प्रस्ताव पारित करना चाहिए जो तो किया नहीं और पदों कि नियुक्तियां दे रहे हैं। दूसरा यही कुछ चुनिंदा लोग समाज के सभी कार्यक्रमों में सम्मान पाने की लालसा रखने लगे है। जहां भी उपस्थित होते हैं तो वहां सम्मानित होकर एक ग्रुप फोटो खिंचवाना और उसे सोशल मीडिया पर डाल कर थोथी वाह-वाही लेना ही मुख्य मकसद है, इसमें समाज का विकास कहां है वह आमजन को समझना है। ये समाज के विकास में भागीदारी नहीं है ये केवल अपने विकास के लिए कहीं से भी कोई मतलब निकल रहा है तो निकाल रहे है।

ये केवल एक ही कॉलोनी की बात नहीं है सभी जगह यही हो रहा है। सभी अपनी हठधर्मिता के चलते पद को छोड़ने को तैयार नहीं। ये बात ठीक है कि समाज के गिनती के तीस-चालीस लोग है जो समाज के विकास बाधा बने हुए है। वे नहीं चाहते कि उनसे अधिक शिक्षित और समर्पित व्यक्ति आगे आकर समाज के विकास में अपना योगदान दें। क्योंकि इससे उनको अपना अस्तित्व खतरे में नजर आता है। ये लोग आमजन को धोखे में रखकर अपना उल्लू सीधा कर रहे है। जिस शोक संतृप्त परिवार में कोई अनजान व्यक्ति किसी काम को 100 रूपए में करने को तैयार हो वही ये जानकर व्यक्ति जिन पर आमजन विश्वास करता है और उन्हें आगे करता है, वे व्यक्ति उस शोक संतृप्त परिवार से भी अपना मतलब निकाल लेते हैं। ऐसे में वह आमजन कुछ बोल भी नहीं पाता। लेकिन वे लोग भूल रहे है कि जब कोई व्यक्ति जवाब नहीं देता और ईश्वर पर छोड़ देता है तो, ऐसे में ईश्वर उसका न्याय करता है। क्योंकि ईश्वर के घर देर है लेकिन अंधेर नहीं।

समाज की बागडोर जब तक पढ़े-लिखे लोगों के हाथ में नहीं आएगी तब तक विकास की बातें करना बेमानी है। क्योंकि ये तीस-चालीस लोग अभी भी पुरानी परिपाटी से ही समाज का विकास चाहते है। वे लिखित में कुछ नहीं करना चाहते सभी फैसले मौखिक ही करना चाहते हैं। उनको लगता है जो थाली पकड़ने में अग्रणी है या फिर जो समाजवासियों के घर के हर कामकाज में उपस्थित होता है, वहीं समाज का विकास कर सकता है। ऐसा नहीं है। अभी हाल ही में समाज के आमजनों ने मिलकर समाज की एकजुटता के लिए समाज के वरीष्ठजन की समिति का समन्वयक बनाया था। वहीं इन्हीं तीस-चालीस लोगों में से कुछ लोगों ने उन्हें चुनाव अधिकारी बना दिया। जबकि एकता तो हुई नहीं और नया विवाद और पैदा होता दिख रहा है। शेखावाटी पंचायत के चुनावों की बात करे तो पिछले चुनाव में जो चुनाव अधिकारी थे वे अभी तक कोर्ट की तारीखों में उलझे हुए है। समाज की सामाजिक संस्थाओं में विवादों के चलते आमजन न्याय के लिए व्यक्तिगत स्तर पर कोर्ट की शरण ले रहा है। ऐसे में आमजन इन तीस-चालीस लोगों को पहचाने। समाज में एकता और विकास - संवाद और संचार की परंपरा से ही हो सकता है। इसलिए पहले एकदूसरे अपने अभिमान को त्याग कर संवाद स्थापित करें तो हो सकता है कोई हल निकल जाए।

जोधपुर के बरकतुल्ला खान स्टेडियम में 79वें स्वतंत्रता दिवस पर राज्य स्तरीय समारोह

प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत लिख रहा आत्मनिर्भरता की नई कहानी
हमारी डबल इंजन की सरकार समृद्ध और विकसित राजस्थान बनाने के लिए प्रतिबद्ध, स्वदेशी अपनाकर देश की प्रगति में बनें सक्रिय भागीदार : मुख्यमंत्री

ब्यूरो चीफ / परिष्कार पत्रिका

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राष्ट्रपति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भर, खुशहाल और समृद्ध बना है, यहां हर व्यक्ति के पास तरक्की के भरपूर अवसर हैं। उनके नेतृत्व में आज भारत की न केवल दुनिया में साख बढ़ी है बल्कि विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की तरफ अग्रसर है। अब देश आत्मनिर्भरता की एक नई कहानी लिख रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी डबल इंजन सरकार प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निरंतर काम कर रही है। राज्य सरकार विकास और सुशासन के संकल्प पर कार्य करते हुए समृद्ध और विकसित राजस्थान बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

शर्मा शुक्रवार को जोधपुर के बरकतुल्लाह खान स्टेडियम में 79वें स्वतंत्रता दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सभी प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामना दी और स्वाधीनता के लिए जीवन भर पीड़ाएं-यातनाएं झेलने वाले ज्ञात-अज्ञात स्वतंत्रता सेनानियों और बलिदानियों को नमन किया। उन्होंने इस राष्ट्रीय पर्व पर बहादुर जवानों को स्मरण करते हुए कहा कि वे देश की सीमाओं पर दिन-रात मुस्तैदी के साथ डटे हुए हैं। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में अपनी अमूल्य सेवाएं देने वाले सभी पुलिसकर्मियों और नागरिक संगठनों व समाजसेवी संस्थाओं को भी धन्यवाद दिया। शर्मा ने ध्वजारोहण के बाद परेड का निरीक्षण किया और मार्चपास्ट की सलामी ली। इस दौरान एमआई-17 हेलीकॉप्टर से राष्ट्रीय ध्वज पर पुष्पवर्षा की गई। परेड में उत्तर प्रदेश पुलिस, हाड़ी रानी महिला बटालियन, जोधपुर पुलिस अयुक्तालय, केन्द्रीय कारागार सहित विभिन्न पुलिस बलों, आरएसी, एनसीसी, स्काउट-गाइड, होमगार्ड एवं स्कूल की टुकड़ियों ने भाग लिया। परेड का नेतृत्व आईपीएस हेमंत कलाल ने किया। समारोह में मुख्यमंत्री ने एडीजी एटीएस एवं एसओजी विजय कुमार सिंह को राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया। साथ ही, सवाई माधोपुर कलक्टर काना राम, बारां कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर, राजीव जैन परियोजना निदेशक, स्टेट रिमोट सेन्सिंग एप्लीकेशन सेन्टर, डॉ बलराम शर्मा सह आचार्य, एसएमएस मेडिकल कॉलेज, रोहिताश जाट उप निदेशक, कृषि, लालचन्द कुमावत प्रोग्रामर, मुख्यमंत्री कार्यालय, डॉ सुदीप कुमावत सहायक निदेशक, आर्थिक एवं सांख्यिकी नेमीचन्द शर्मा प्रशासनिक अधिकारीए पुलिस मुख्यालय, अनिल कुमार कौशिक सहायक प्रशासनिक अधिकारी, एसीबी, राम प्रकाश सहायक अनुभागाधिकारी, कार्मिक विभाग दीपिका आसनानी सांख्यिकी निरीक्षक, मुख्यमंत्री कार्यालय को योग्यता प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया।

समारोह में राजस्थान के अलावा ओडिशा, पश्चिम बंगाल एवं गुजरात से आए लोक कलाकारों ने कोरियोग्राफर नरेश कुमार के निर्देशन में मनोहारी लोक प्रस्तुतियां और प्रदेश भर से आए स्कूली छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति परक गीतों की धुन पर सामूहिक नृत्य की प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर आर्मी बैण्ड, सेंट्रल बैण्ड, स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल विद्यालय, मंडोर एवं गुरूकुल इंटरनेशनल सीनै स्कूल, चौपासनी के स्कूल बैंड की ओर से आकर्षक बैण्डवादन की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में घुड़सवारी शो, कैमल टैंडू शो, सशस्त्र बलों द्वारा हथियारों का प्रदर्शन भी किया गया। भव्य समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

इस अवसर पर संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल, राज्य किसान आयोग के अध्यक्ष सी आर चौधरी, अमृता देवी राज्य जीव जंतु कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष जसवंत बिश्नोई, सांसद पी पी चौधरी, राजेन्द्र गहलोत, विधायक अतुल भंसाली, देवेन्द्र जोशी, बाबूसिंह राठौड़, अर्जुन लाल गर्ग, पब्बा राम बिश्नोई, मुख्य सचिव सुधांश पंत, पुलिस महा निदेशक राजीव कुमार शर्मा, जोधपुर संभागीय आयुक्त डॉ प्रतिभा सिंह सहित अन्य गणमान्यजन एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

जेडीए में हर्षोल्लास के साथ मनाया 79वां स्वतंत्रता दिवस समारोह

ब्यूरो चीफ / परिष्कार परिष्कार

जयपुर। स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर जयपुर विकास प्राधिकरण प्रांगण में जेडीए सचिव निशांत जैन ने झण्डारोहण किया। इस अवसर पर जेडीए के समस्त अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

राज्यपाल बागड़े ने राजभवन में किया झण्डारोहण

राष्ट्र की समृद्धि और सम्पन्नता के लिए भिलकर कार्य करने का आह्वान किया स्वाधीनता दिवस पर राज्यपाल ने राजभवन में खेजड़ी का पौधा लगाया

ब्यूरो चीफ/ परिष्कार पत्रिका

जयपुर। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने शुक्रवार को राजभवन में स्वतंत्रता दिवस पर झण्डारोहण किया। बाद में उन्हें आरएसी गारद ने सलामी दी। राज्यपाल बागडे ने इस दौरान राजभवन परिसर स्थित राजकीय विद्यालय के उच्च प्रांसाक वाले विद्यार्थियों को उपहार स्वरूप पुस्तके और मिठाई वितरित की। उन्होंने स्वाधीनता दिवस की सभी को बधाई देते हुए राष्ट्र की समृद्धि और सम्पन्नता के लिए भिलकर कार्य करने का आह्वान किया। राज्यपाल ने स्वाधीनता दिवस पर राजभवन में श्एक पेड़ मां के नामश् अभियान के तहत खेजड़ी का पौधा भी लगाया। उन्होंने कहा कि मरुस्थल की जलवायु के सर्वथा अनुकूल खेजड़ी वृक्ष संपन्नता का प्रतीक है। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव डॉ पृथ्वी, प्रमुख विशेषाधिकारी राजकुमार सागर सहित राजभवन के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

जिला स्तरीय समारोह में उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा ने किया झंडारोहण

चौगान स्टेडियम में उत्साह, उमंग और उल्लास के साथ मनाया स्वाधीनता दिवस
पुलिस बैंड की देशभक्ति धुनों ने बांधा समां, स्कूली बच्चों ने दी आकर्षक प्रस्तुतियां

ब्यूरो चीफ / परिष्कार परिष्कार

जयपुर। स्वाधीनता दिवस के अवसर पर जयपुर के चौगान स्टेडियम में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ। उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा ने समारोह में झंडारोहण किया। ध्वजारोहण के बाद उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा ने परेड का निरीक्षण किया और मार्च पास्ट परेड की सलामी ली। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा ने सभी को स्वाधीनता दिवस की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रथम विनीता सिंह ने राज्यपाल महोदय के संदेश का वाचन किया। इसके बाद स्कूली विद्यार्थियों द्वारा शारीरिक व्यायाम एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की आकर्षक प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम में पुलिस बैंड की देशभक्ति धुनों ने समां बांध दिया। इसके पश्चात उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा ने कला, संस्कृति, समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली विभूतियों को सम्मानित किया। इस मौके पर उत्कृष्ट कार्य के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया साथ ही वीरांगनाओं का भी सम्मान किया गया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ ने भी कार्यक्रम में शिरकत की। जिला स्तरीय स्वाधीनता दिवस समारोह में लोकसभा सांसद मंजू शर्मा, नगर निगम जयपुर हैरिटेज की मेयर कुसुम यादव, जिला प्रमुख रमा देवी चौधड़ा, विधायक गोपाल शर्मा, बालमुकुन्द आचार्य सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, भारतीय प्रशासनिक सेवा के उच्चाधिकारी, भारतीय पुलिससेवा के उच्चाधिकारी एवं अन्य अधिकारियों एवं कार्मिकों के साथ-साथ बड़ी तादाद में आमजन ने शिरकत की।

देश की एकता, अखंडता के लिए हम सभी को एकमुखी होकर राष्ट्र को सशक्त बनाने की दिशा में काम करना चाहिए : मदन राठौड़

ब्यूरो चीफ रवि सिंह किरार/ परिष्कार पत्रिका

जयपुर। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण किया। राठौड़ ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल प्रतीकात्मक आयोजन न रह जाए, बल्कि यह उत्सव के रूप में पूरे देश में मनाया जाए। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे घर-घर तिरंगा फहराने, तिरंगा यात्राएं निकालने जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से जनभागीदारी को सशक्त बनाएं। राठौड़ ने कहा कि देश की एकता और अखंडता के लिए हम सभी को एकमुख होकर राष्ट्र को सशक्त बनाने की दिशा में काम करना चाहिए। यह दिन केवल जश्न का नहीं, बल्कि संकल्प का भी दिन है। हमें राजनीति से ऊपर उठकर राष्ट्र नीति को अपनाना चाहिए। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि देश की आजादी के लिए न जाने कितने वीरों ने अपना बलिदान दिया। अनेकों ने कष्ट सहे। 14 अगस्त 1947 की विभाजन विभीषिका का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि उस समय लाखों लोगों को अपने घर-परिवार छोड़कर भारत आना पड़ा। यह इतिहास हमें आज भी संवेदनशील बनाता है। मीडिया से बातचीत में प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस को दीपावली और होली जैसे त्यौहारों की तरह मनाया जाना चाहिए जिससे देशभक्ति जन-जन के मन में जागृत हो। उन्होंने कहा कि हर नागरिक अपने घर पर तिरंगा लगाकर गर्व का अनुभव करे। राठौड़ ने सभी से अपील करते हुए कहा कि राष्ट्र प्रथम की भावना को सर्वोपरि रखते हुए कार्य करें और इस बात का संकल्प लें कि हमारे हर कार्य में राष्ट्रहित सर्वोपरि रहेगा।

कार्यक्रम में सांसद घनश्याम तिवाड़ी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी, सतीश पूनिया, विधायक बाल मुकुंदाचार्य, गोपाल शर्मा, प्रदेश मंत्री स्टेफी चौहान, अजीत मांढण, पिंकेश पोरवाल, महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष सुमन शर्मा, भाजपा कार्यालय प्रभारी सुकेश पारीक, मेयर सौम्या गुर्जर सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। भाजपा कार्यालय प्रभारी सुकेश पारीक ने मंच संचालन किया। इस अवसर पर सांसद मंजू शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

कावेरी पथ महात्मा गांधी विद्यालय में गर्व के साथ मनाया स्वतंत्रता दिवस समारोह

ब्यूरो चीफ रवि सिंह किरार/ परिष्कार पत्रिका

जयपुर। महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय कावेरी पथ मानसरोवरमें 79वे स्वतंत्रता दिवस समारोह बड़े ही गर्व से मनाया गया। इस बार का स्वतंत्रता समारोह ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना के पराक्रम की गौरव गाथा और आत्मनिर्भर नया भारत को समर्पित रहा। जिसमें मुख्य अतिथि पार्षद रामअवतार गुप्ता, एडीएससी सक्सेन के के गुप्ता, विनोद गुप्ता अन्य स्थानीय भामाशाह गणपत वर्मा, लोकेश कुमावत, पारागर, धर्मेन्द्र, रामदयाल जांगिड़ विद्यालय की प्रधानाचार्य अञ्जू चौधरी और उप प्रधानाचार्य मदनमोहन शर्मा एवं विद्यालय के समस्त स्टाफ व विद्यार्थियों की मौजूदगी में तिरंगा झंडा फहराया गया और शहीदों को याद किया। इस अवसर पर भारत माँ के जयकारे लगाकर मानसरोवर क्षेत्र में सभी स्थानीय लोगों को देशभक्ति के प्रति जागृत किया। स्थानीय पार्षद रामअवतार गुप्ता, पारागर, धर्मेन्द्र के द्वारा बच्चों को फल और मिठाई वितरित की गई ताशी हर्बल के डायरेक्टर साहब की तरफ से और अन्य अभिभावकों के द्वारा सहयोग राशि अक्षय पेटी में दान दिया गया। अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्य अञ्जू चौधरी और उप प्रधानाचार्य मदन मोहन शर्मा ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

अच्छे संस्कार अपनाएं और देश सेवा का संकल्प ले : राजपुरोहित

ब्यूरो चीफ/ परिष्कार पत्रिका

भंवाड़ा। स्वतंत्रा दिवस के अवसर पर राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय भँवाड़ा में राष्ट्रीय ध्वज फहराकर आज़ादी का पर्व बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समारोह में मुख्य अतिथि दूरदर्शन के पूर्व अधिकारी ओपी राजपुरोहित उपस्थित थे।

कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण और राष्ट्रगान के साथ हुई। इसके बाद बच्चों ने देशभक्ति गीत, नृत्य, भाषण और कविताओं की रंगारंग प्रस्तुतियाँ दीं, जिनसे वातावरण देशभक्ति से गूंज उठा।

मुख्य अतिथि राजपुरोहित ने अपने संबोधन में कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल एक पर्व नहीं, बल्कि यह उन बलिदानों की याद दिलाता है जिनकी बदौलत हमें आज़ादी मिली। उन्होंने बच्चों को संदेश देते हुए कहा कि बच्चे ही देश का भविष्य हैं। उन्हें पढ़ाई के साथ-साथ अच्छे संस्कार, ईमानदारी और अनुशासन को अपनाना चाहिए। छोटे-छोटे अच्छे कार्य भी भारत को महान बनाने में योगदान देते हैं। समारोह में प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी कक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्व नाथू सिंह राजपुरोहित स्मृति शैक्षणिक सम्मान प्रदान किया गया। पुरस्कार स्वरूप विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र और उपहार दिए गए। यह परंपरा राजपुरोहित द्वारा पिछले 28 वर्षों से अपने पिताजी की स्मृति में अनवरत जारी है। राजपुरोहित ने विद्यालय के सभी अध्यापकों को भी उनके उत्कृष्ट योगदान हेतु शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। विद्यालय प्रधानध्यापक शंकरलाल ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और विद्यालय में मिड-डे मील के लिए बने शेड हेतु उनके सहयोग पर आभार व्यक्त किया। समारोह में शिवराज सिंह राठौड़ अध्यक्ष, गंगा सिंह राजपुरोहित विशिष्ट अतिथि सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन सभी के मुख से गूँजते हुए जय हिंद, वंदे मातरम् के साथ हुआ। कार्यक्रम में मंच संचालन अध्यापिका कंचन शर्मा ने किया।



सेंट एंसलम पिंकसिटी में मनाया 15अगस्त

ब्यूरो चीफ / परिष्कार परिष्कार

जयपुर। सेंट एंसलम पिंक सिटी सीनियर सैकंडरी स्कूल में स्वतंत्रता दिवस समारोह 15 अगस्त को हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर मुख्यअतिथि कर्नल हर्ष नादर, साक्षी सेबेस्टीन वरीष्ठ पत्रकार और विद्यालय के प्रिंसिपल फादर पॉल पुलिकल ने झंडा रोहण कर समारोह की शुरूआत की। मुख्य अतिथियों ने परेड की सलामी ली। विद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न गीतों की प्रस्तुति देकर देश भक्ति का वातावरण बनाया। इस अवसर पर विद्यालय के मुख्य अतिथियों ने स्वतंत्रता दिवस समारोह के महत्व को बताया। प्रिंसिपल फादर पॉल पुलिकल ने स्वतंत्रता दिवस समारोह के महत्व से अवगत कराते हुए सभी विद्यार्थियों और विद्यालय परिवार को शुभकामनाएं दी।

संस्कार भवन में झंडारोहण
युवा आजादी की रक्षा को संकल्पित रहे : यश

ब्यूरो चीफ / परिष्कार परिष्कार

जयपुर। मुहाना मंडी केसर नगर चौराहे के समीप अग्रणी ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशन्स द्वारा संस्कार भवन पर राष्ट्रीय तिरंगा फहराया गया। झंडारोहण समारोह में मुख्य अतिथि वैदिक चिंतक ओऽमाश्रय संस्थापक यशपाल यश रहे। यश ने स्वतंत्रता आंदोलन में शहीदों की शहादत का स्मरण करते हुए युवाओं से आह्वान करते हुए बताया कि आजादी को बचाने संकल्पित होकर सतर्क रहना होगा। हितेश गौतम एवं डॉ मनमीत सिंह वैंस ने स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। समारोह के अंत में मिठाई वितरण के साथ कार्यक्रम समाप्त हुआ।

बीएसएन स्कूल में मनाया स्वतंत्रता दिवस

ब्यूरो चीफ रविसिंह किरार / परिष्कार परिष्कार

जयपुर। बीएसएन पब्लिक सीनियर सैकंडरी स्कूल देवीनगर में स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय के निदेशक और बीएसएन ग्रुप के चेयरमैन डॉ प्रकाश खुल्बे, किरण बाला खुल्बे सहित मांगीलाल शर्मा, पॉली चर्टजी, सत्यदेव शर्मा ने विद्यालय प्रांगण में झंडारोहण कर सभी शिर्थार्थियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया।

सेंट जोसफ कॉन्वेंट स्कूल में गुरूवंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन

ब्यूरो चीफ रविसिंह किरार / परिष्कार परिष्कार

जयपुर। सेंट जोसफ कॉन्वेंट स्कूल सांगानेर जयपुर में भारत विकास परिषद शाखा सांगानेर के सचिव जगरूप सिंह एवं प्रांतीय अध्यक्ष रणवीर सिंह त्यागी द्वारा विद्यार्थियों को भारत विकास परिषद की कार्यशैली एवं महत्व से अवगत करवाया गया एवं इसके तत्वाधान में विद्यालय के शिक्षक एचजीएस चौहान, ललित नारायण शर्मा, मेघा शर्मा, एसआर गोदारा, गिरीश कारवानी, को प्रमाण-पत्र, प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के हौनहार विद्यार्थियों सोनल कोवरजानी, कनिष्क जोनवाल, लावन्या अग्रवाल, नंदनी भोजवानी एवं अरचव सिंह राघव को जिन्होंने शिक्षा के क्षेत्र, सामाजिक क्षेत्र एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में बढते रूझान व देश हित के लिए किये गये कार्य के लिए प्रमाण-पत्र, प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सचिव जगरूप सिंह व प्रांतीय अध्यक्ष रणवीर त्यागी ने सभी विद्यार्थियों को अपने शिक्षकों, माता-पिता व नारी जाति का सम्मान करने की शपथ भी दिलवाई। विद्यालय प्राचार्य डॉ एसडी शर्मा द्वारा भारत विकास परिषद के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया तथा सभी विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र, सामाजिक क्षेत्र एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में आगे बढ-चढकर कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया।

शिकायत निवारण प्रकोष्ठ का जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

छात्राओं की हर शिकायत के समुचित समाधान के भरसक प्रयास करता है ग्रीवांस सेल : प्रो त्रिपाठी

ब्यूरो चीफ रविसिंह किरार (विवि)/ परिष्कार पत्रिका

लाडनूं। जैन विश्वभारती संस्थान में संचालित शिकायत निवारण प्रकोष्ठ के तत्वावधान में शिक्षा विभाग में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रकोष्ठ के समन्वयक एवं दूरस्थ शिक्षा निदेशालय के निदेशक प्रो आनंदप्रकाश त्रिपाठी ने छात्राओं को ग्रेवांस सेल की पूरी जानकारी दी और बताया कि शिकायत निवारण प्रकोष्ठ किसी भी संगठन, स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय या कंपनी के कर्मचारियों, छात्रों, या ग्राहकों की शिकायतों को सुनने और उनका समाधान करने के लिए काम करता है। किसी भी विद्यार्थी को लगता है कि उसके साथ भेदभाव हो रहा है, तो वह ग्रेवांस सेल के माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है। उन्होंने शिकायत दर्ज करने के तीन सोपानों पर चर्चा की और बताया कि सर्वप्रथम विद्यार्थी को अपनी समस्या अपने क्लास टीचर के समक्ष रखनी चाहिए। वहां समाधान नहीं होने पर उन्हें अपनी समस्या विभागाध्यक्ष के समक्ष रखनी चाहिए। दोनों ही जगह अवगत करवाने के पश्चात् भी समस्या बनी रहे, तो वे अपनी समस्या को शिकायत निवारण प्रकोष्ठ को लिखित एवं मौखिक

किसी भी रूप में दर्ज करा सकता है। शिकायत निवारण प्रकोष्ठ शिकायत का समाधान के लिए सदैव कोशिश करता है। शिकायत का समाधान चाहे मध्यस्थता के माध्यम से हो या उचित कार्यवाई करके हो, उसका हल अवश्य किया जता है। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष डॉ बीएल जैन ने सम्बोधित करते हुए शिकायत निवारण प्रकोष्ठ के उद्देश्य एवं महत्व पर प्रकाश डाला और इस प्रकोष्ठ को विद्यार्थी जीवन के हितार्थ महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम में डॉ मनीष भटनागर, डॉ विष्णु कुमार, डॉ गिरधारी लाल शर्मा, डॉ अमिता जैन, डॉ गिरिराज भोजक, ऐश्वा शर्मा आदि संकाय सदस्य एवं छात्राध्यापिनाएं उपस्थित रहीं।

सेंट जेवियर्स कॉलेज जयपुर में राजीव गांधी अक्षय ऊर्जा दिवस मनाया गया

ब्यूरो चीफ रविसिंह किरार (विवि)/ परिष्कार पत्रिका

जयपुर। सेंट जेवियर्स कॉलेज जयपुर में विज्ञान संकाय द्वारा स्वच्छता एक्शन प्लान एसएपी के सहयोग से राजीव गांधी अक्षय ऊर्जा दिवस का दो दिवसीय आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य अक्षय ऊर्जा के महत्व और सतत विकास की दिशा में जागरूकता फैलाना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ 20 अगस्त 2025 को कॉलेज के सभागार में हुआ। कॉलेज के प्राचार्य डॉ फादर अरोक्या स्वामी एसजे ने प्रेरणादायक संदेश दिया और छात्रों को अक्षय ऊर्जा को अपनाने हेतु प्रेरित किया। इसके बाद शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें छात्रों ने पर्यावरण हितैषी जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। अंत में अक्षय ऊर्जा दिवस पर आधारित आधिकारिक वीडियो शेल प्रस्तुत किया गया। 21 अगस्त 2025 को कार्य म का आयोजन कॉलेज परिसर में स्थित सौर ऊर्जा पैनल स्थल पर किया गया। छात्रों ने

सौर पैनलों का अन्वेषणात्मक दौरा किया और अक्षय ऊर्जा के व्यवहारिक महत्व को समझा। इस आयोजन के माध्यम से सेंट जेवियर्स कॉलेज ने एक बार फिर सतत ऊर्जा और स्वच्छ पर्यावरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत किया, जो इसके ध्येय वाक्य दूरदर्शे के लिए पुरुष और महिलाएँ तैयार करना को साकार करता है।

राजस्थान खेल एवं शिक्षा परिषद को राज्य ओलम्पिक एसोसिएशन से मान्यता कब दी जाएगी : धर्मेन्द्र सिंह

ब्यूरो चीफ रविसिंह किरार/ परिष्कार पत्रिका

जयपुर। राजस्थान खेल एवं शिक्षा परिषद के महासचिव एडवोकेट धर्मेन्द्र सिंह ने परिष्कार पत्रिका के रविसिंह किरार से खेल परिषद के बारे में वार्ता की। उन्होने राजस्थान खेल एवं शिक्षा परिषद की राज्य में खेल गतिविधियों के बारे में चर्चा की। जिसमें हाल ही में राजस्थान खेल एवं शिक्षा परिषद को मेरा युवा भारत संस्थान जयपुर से पंजिकृत किया गया है जो कि युवा एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार ने राजस्थान खेल एवं शिक्षा परिषद को पंजिकृत कर दिया है तो जिसमें 8 वर्षों से राजशीमें में कार्यरत राजस्थान खेल एवं शिक्षा परिषद को राजस्था ओलंपिक एसोसिएशन कब मान्यता देगा।

वर्ष 2017 से वर्ष 2025 तक राज खेल एवं शिक्षा परिषद ने 24 राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं एव 10 राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया है जो कि किसी भी अन्य खेल संघो से सर्वाधिक है।

उन्होंने बताया कि समय समय पर राज्य ओलंपिक संघ व सचिव राज खेल कीडा परिषद एसएमएस को भी दी गई है। लेकिन कोई भी जवाब नही दिया गया। राज खेल एवं शिक्षा परिषद को भारतीय खेल एवं शिक्षा परिषद से 10 अक्टूबर 2017 से मान्यता प्राप्त है। उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ भी उत्तर प्रदेश खेल एवं शिक्षा परिषद को मान्यता दी है तो राजस्थान में कब मान्यता देगा। उन्होंने बताया कि राजस्थान खेल एवं शिक्षा परिषद की ओर से खेले खिलाड़ी राज्य स्तरीय व राष्ट्रीय स्तरीय को भारतीय सेना में सेवा का अवसर मिला है। 2017 से 2025 तक लगातार खिलाडियों का चयन आर्मी भारतीय सेना, वायुसेना आदि में हो रहा है।

मुरलीपुरा पुलिस की एफआर कोर्ट से अस्वीकार, लिया प्रसंज्ञान

ब्यूरो चीफ / परिष्कार पत्रिका

जयपुर। आपराधिक गिरोह बनाकर जाति-समाज से बहिष्कृत करने केकर अवैध वसूली से जुड़े प्रकरण में न्यायिक मजिस्ट्रेट ने मुरलीपुरा थाना पुलिस की ओर से पेश एफआर को अस्वीकार करते हुए अदालत ने रमेश कुमार खण्डे और प्रभात थानका के खिलाफ प्रसंज्ञान लेकर तलब किया। मुरलीपुरा निवासी परिवादी राजेश डाबी ने 2022 में मुकदमा दर्ज कराया था। एडवोकेट मजीद खान व वाहिद खान ने परिवादी राजेश डाबी की ओर से पैरवी की। उनके अनुसार प्रेम विवाह करने पर आरोपियों ने अवैध वसूली के लिए प्रताड़ित करने के आरोप सबुतों के साथ लाए गए थे। पुलिस को पुख्ता साक्ष्य दी गई। प्रार्थीगण से 23,100 रूपए वसूलने के बाद भी और पैसे वसूलने के लिए धमकियां दे रहे थे। ऐसे में न्यायालय ने पुलिस की एफआर कोर्ट से अस्वीकार कर प्रसंज्ञान लिया। परिवादी द्वारा आगामी पेशी से पूर्वगवाह सूची पेश हो, तलबाना पेश हो कि पुनः अभियुक्तगण को जरिए सम्मन तलब किया जावे।

वर्तमानयुग में भारतीय ज्ञान परंपरा, नैतिकता व मूल्य प्रबंधन विषय पर सेमीनार

ब्यूरो चीफ / परिष्कार पत्रिका

जयपुर। राजस्थान विश्वविद्यालय के आरए पोवार प्रबंधन संस्था में वर्तमानयुग में भारतीय ज्ञान परंपरा, नैतिकता व मूल्य प्रबंधन विषय पर एक सेमीनार का आयोजन किया गया। यह व्याख्यान भारतीय ज्ञान परंपरा, प्रबंधन और नैतिकता के गहन अध्येता और भारत सरकार के पूर्व राजदूत गौरी शंकर शुक्ला द्वारा दिया गया। संस्थान के निदेशक प्रो अनुराग शर्मा ने सेमीनार की अध्यक्षता करते हुए अतिथि स्वागत किया और प्रबंधन शिक्षा में नैतिक दृष्टिकोण को शामिल करने की आवश्यकता पर बल दिया।

सातवीं पुण्य तिथि पर श्रद्धा सुमन

छोड़कर जाने वाला क्या जाने.....
कहाँ का मोड़ जिन्दगी मतौ लेकर है.....

:: स्व. श्रीमती उमा देवी सोलंकी ::
पत्नी श्री चन्द्रकांत सोलंकी
स्वर्गवास : 23 अगस्त 2018



: श्रद्धानवत :
चन्द्रकांत सोलंकी (पति), राजकुमार सोलंकी (एसबीआई)-संगीता, संजय सोलंकी (एसबीआई)-दिव्या, दिनेश सोलंकी (पीएनबी)-नेहा [पुत्र-पुत्रवधुं, संगीता-विकास माहुर (एसबीआई) [पुत्री-दामाद], मरीमा, हीमांक, रेहाण, राव्य, दिव्याजय, टिआरा [पौत्र-पौत्री], दीपू, संकल्प [दोयता-दोयतीं] एवं समस्त सोलंकी परिवार एवं परिष्कार पत्रिका परिवार

17, मां शाकम्भरी नगर, वैशाली वेस्ट, जयपुर
मो. 9772445166, 9829437118

बुनियाद स्कूल के मेघावी विद्यार्थियों ने किया जगन्नाथ यूनिवर्सिटी का शैक्षणिक भ्रमण

ब्यूरो चीफ रविसिंह किरार/ परिष्कार पत्रिका

जयपुर। बुनियाद स्कूल नारायण नगर अंकरोटा के 40 मेधावी बच्चों को जगन्नाथ यूनिवर्सिटी चाकसू का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। बच्चों को विद्यालय के निदेशक एवं प्राचार्य द्वारा उत्साहवर्धक भाषण दिया गया। जगननाथ विश्वविद्यालय के डिप्टी रीसट्रार ने परिसर में बच्चों का स्वागत किया। बच्चों को हरे-भरे परिसर और सभी आकर्षक प्रयोगशालाओं और विशाल इमारतों में ले जाया गया। परिसर के इतने लंबे और थका देने वाले चौरे के बाद भी बच्चों का उत्साह कम नहीं

हुआ। बीस से अधिक छात्रों ने इस शानदार विश्वविद्यालय में प्रवेश लिया। एक विशेष शिक्षक दिवस के रूप में बच्चों को पांच प्रतिष्ठत की छुट दी गई। संपर्क अधिकारी डेनिज़ल नाज़ेथ और समन्वयक अंकित ने अपने विचार व्यक्त किए।

माया पचेरवाल को पीएचडी की उपाधी मिली

ब्यूरो चीफ रविसिंह किरार/ परिष्कार पत्रिका

जयपुर। डॉ माया पचेरवाल को जीएलएस सद्गुणा एंड बीडी कॉलेज फॉर गर्ल्स के हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो डॉ धीरज भाई वणकर के मार्गदर्शन में विद्यावाचस्पति पीएचडी



उपाधि प्राप्त हुई। उन्होंने यह उपाधि अपने महाशोध प्रबंध मणि मधुकर के कथा साहित्य का वैशिष्ट शोध कार्य के लिए प्राप्त की। माया ने हिन्दी एवं राजस्थानी साहित्यकार मणि मधुकर पर विस्तृत शोध किया, जिसे गुजरात विश्वविद्यालय द्वारा मान्यता देकर उन्हें पीएचडी की उपाधि से अलंकृत किया गया। वर्तमान में माया पचेरवाल व्याख्याता पद राज्य सरकार पर कार्यरत हैं तथा लेखन कार्य से भी जुड़ी हुई हैं। अब तक उनकी तीन पुस्तकें हिन्दी विषय पर, कई कविताएँ, लेख एवं कहानियाँ विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुकी हैं। माया पचेरवाल ने हिन्दी विषय से एमए बीएड तथा नेट की डिग्री प्राप्त की है। वे विभिन्न प्रतियोगी पुस्तकों के लेखन और प्रकाशन से भी जुड़ी हुई हैं।

माया पचेरवाल ने शिक्षा के क्षेत्र में पीएच डी की उपाधी प्राप्त कर समाज और देश का नाम रोशन किया। इसके लिए प्रधान संपादक हेमलता किरार ने परिष्कार पत्रिका परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। संपादक रविसिंह किरार ने कहा कि माया पचेरवाल पीएचडी की उपाधी प्राप्त कर समाज की लड़कियों के लिए प्रेरक बनी है। आपकी सफलता समाज के विद्यार्थियों के लिए निश्चित रूप से प्रेरणा का कार्य करेगी।

नेशनल ट्राइबल सर्विस डेवलपमेंट प्रोजेक्ट में पीआरओ बने गोविन्द गोपाल सिंह

ब्यूरो चीफ रविसिंह किरार/ परिष्कार पत्रिका

जयपुर। राजधानी जयपुर के सिविल लाइन निवासी युवा पत्रकार गोविन्द गोपाल सिंह को शु वार 15 अगस्त के शुभ अवसर पर राष्ट्रीय आदिम जनजाति सेवा विकास परियोजना विभाग भारत सरकार का उपक्रम में जन सम्पर्क अधिकारी के पद पर नव नियुक्ति की गई है। राष्ट्रीय आदिम जनजाति सेवा विकास परियोजना विभाग के संस्थापक

एवं प्रबन्ध निदेशक एत्तवारी मालती ने गोविन्द गोपाल को नियुक्ति पत्र सौपते हुए इस विभाग में नई जिम्मेदारी संभालने के लिए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी है और उनके उज्जवल भविष्य की कामना भी की हैं। वहीं अपनी इस उपलब्धि के लिए गोविन्द गोपाल ने विभाग के प्रबन्ध निदेशक एत्तवारी मालती का तहेदिल से आभार जताया है। गौरतलब है कि गोविन्द गोपाल सिंह ने जयपुर के राजस्थान विश्वविद्यालय से स्नातक की उपाधि प्राप्त करने के बाद वर्ष 2007 में राष्ट्रदूत दैनिक अखबार में प्रतिष्ठि पत्रकार के तौर पर अपने पत्रकारिता जीवन की शुरूआत की थी। गोविन्द ने कुल 18 वर्षों के अपने पत्रकारिता करियर में विभिन्न मीडिया संस्थानों में रिपोर्टर और सब एडिटर के पद पर रहते हुए अपनी सेवाएं दी हैं।

एसएस चिल्ड्रन एकेडमी स्कूल में मनाया जन्माष्टमी पर्व

ब्यूरो चीफ रविसिंह किरार/ परिष्कार पत्रिका

जयपुर। एस एस चिल्ड्रन एकेडमी स्कूल सोडाला में कृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें विद्यालय के नन्हे मुझे बच्चों द्वारा राधा कृष्ण की वेशभूषा में संस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए कार्यक्रम की संयोजक पूजा कुमावत तथा रिचा सैनी ने बच्चों को कृष्ण जन्माष्टमी त्योहार के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी तथा भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव तथा उनकी लीलाओं के बारे में बताया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रिंसिपल आशा सैनी द्वारा इस शानदार कार्यक्रम की तैयारी करने वाली पूरी टीम की प्रशंसा की। उन्होंने बताया कि विद्यालय में इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम समय-समय पर

आयोजित किए जाते हैं, जिससे बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ संस्कृति का व्यवहारिक ज्ञान का भी आभास होता है। अंत में विद्यालय की प्रिंसिपल मेम ने बच्चों को गिफ्ट, चिक्कीने, टॉफिया तथा चाकलेट आदि वितरित किए, जिन्हें प्राप्त कर बच्चे बड़े आनंदित हुए।

ब्रहमकुमारीज देश में रक्तदान अभियान के माध्यम से गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड बनाएगी

जयपुर में 20 से अधिक सेवाकेन्द्रों पर 10 हज़ार से अधिक लोग करेंगे रक्तदान।

ब्यूरो चीफ रविसिंह किरार/ परिष्कार पत्रिका

जयपुर। ब्रह्माकुमारीज़ रक्तदान अभियान के माध्यम से गिनीज़ वर्ल्ड रिकार्ड बनाएगी। जयपुर मे 20 से अधिक सेवाकेन्द्रों पर 10 हज़ार से अधिक लोग करेंगे रक्तदान। यह अभियान ब्रह्माकुमारीज़ की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणीजी की 18वीं पुण्यतिथि को समर्पित है। ब्रह्माकुमारीज़ जयपुर वैशाली नगर सेवाकेन्द्र पर रविवार 24 अगस्त को आयोजित होगा विशाल रक्तदान शिविर।

ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणी की 18वीं पुण्यतिथि (25 अगस्त 2025), जिसे विश्व बंधुत्व दिवस के रूप में मनाया जाता है, के उपलक्ष्य में संस्थान देश में एक विशाल रक्तदान महाअभियान चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य देश में रक्त की आवश्यकता की पूर्ति करना है।

इस मौके पर राजधानी जयपुर में 20 से अधिक सेवा केन्द्रों पर 10हज़ार से अधिक लोग रक्तदान करेंगे। ब्रह्माकुमारीज़ जयपुर वैशाली नगर सेवा केन्द्र पर रविवार 24 अगस्त को रक्तदान ऐक्षभर में आयोजित होगा। जयपुर वैशाली नगर सेवा केन्द्र की प्रमुख सिस्टर बी के चन्द्रकला के मुताबिक सुबह दस से शाम पांच बजे कि इच्छुक लोग रक्तदान देकर इस महाअभियान में अपना योगदान दे सकते हैं। हम सभी से अपील कर रहे हैं कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंच कर इस पुण्य काम में शामिल हो। इसके लिए संस्थान के भाई-बहन लोगों से सम्पर्क कर रहे हैं। देश में सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़े बढ़ते जा रहे हैं। हर दिन 38000 रक्तदान की ज़रूरत पड़ती है। हर साल करीब पांच करोड़ यूनिट्स रक्त की आवश्यकता होती है, लेकिन केवल ढाई करोड़ यूनिट ही इकट्ठा हो पाते हैं। सब जोन प्रभारी जयपुर बी के शुभमा के अनुसार इस अभियान के अन्तर्गत 22 से 25 अगस्त तक पूरे देश में 4000 ब्रह्माकुमारी सेवा केन्द्रों पर एक साथ विशाल रक्तदान शिविर आयोजित होंगे। इस अभियान का लक्ष्य 1 लाख (100,000) यूनिट रक्त एकत्रित करना है। जिससे गिनीज़ वर्ल्ड रिकार्ड स्थापित होगा। इस रिकार्ड बनाने की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। यह महाअभियान ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान द्वारा भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, जिला ब्लड बैंक, रेडक्रॉस सोसायटी, सरकारी अस्पताल, मेडिकल कॉलेज, रोटरी इंटरनेशनल क्लब, लॉयंस क्लब, आईएमबीटीआई, डिफेन्स फोर्सेज, एनएसएस, कॉरपोरेट एवं अन्य स्थानीय संसथाओं के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। फोरोज, एन.सी.सी., एन.एस.एस., कॉरपोरेट्स एवं अन्य स्थानीय संस्थाओं के सहयोगसे आयोजित किया जा रहा है।

आवासन बोर्ड कर्मचारी संघ की जयपुर शाखा के चुनाव सम्पन्न

मुख्यालय जयपुर में अनुप मिश्रा मुख्यालय शाखा अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित हुए

ब्यूरो चीफ हेमलता किरार/ परिष्कार पत्रिका

जयपुर। जयपुर राजस्थान आवासन बोर्ड कर्मचारी संघ के द्वितीय चरण के चुनाव में शाखा मुख्यालय के शाखा अध्यक्ष पद पर अनूप मिश्रा निर्विरोध निर्वाचित हुये। इस संदर्भ में जानकारी देते हुये संघ के संयुक्त महासचिव गोविन्द नाटाणी ने बताया कि 18 अगस्त 2025 को मुख्यालय शाखा अध्यक्ष पद हेतु मण्डल मुख्यालय में चुनाव पर्यवेक्षक सुभाष चंद्र यादव, दारा सिंह, सरोज जैन द्वारा कराये गये चुनाव में एक मात्र आवेदन प्राप्त होने पर अनुप मिश्रा को शाखा अध्यक्ष मुख्यालय पद पर निर्विरोध निर्वाचित किया गया। निर्वाचित अध्यक्ष मिश्रा को संघ के प्रान्तीय अध्यक्ष दशरथ कुमार ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। महामंत्री प्रदीप शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष भगवती प्रसाद ने निर्वाचित मुख्यालय अध्यक्ष अनूप मिश्रा को शुभकामनाएं दी। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि नवनिर्वाचित अध्यक्ष अनूप मिश्रा मण्डल हित एवं कर्मचारी हित में अपना योगदान देते रहेंगे एवं समय-समय पर मण्डल हित और कर्मचारी हित के लिये आवाज उठाते रहेंगे। इस अवसर पर जयपुर स्थित वृत्त कार्यालयों के शाखा अध्यक्षों सहित प्रदेश कोषाध्यक्ष मोहन सिंह संयुक्त महासचिव रमेश चन्द शर्मा संगठन मंत्री रामदयाल गुर्जर कार्यालय मंत्री, युयूफ्रकान प्रचार मंत्री मधुज ठाकुर सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित थे।

देश की प्रगति के लिए सामाजिक समानता बहुत जरूरी : प्रीतम बिजलानी

ब्यूरो चीफ हेमलता किरार/ परिष्कार पत्रिका

जयपुर। देश की प्रगति के लिए सामाजिक समानता बहुत ज़रूरी है। समाज के हर व्यक्ति को समान अवसर एसमान अधिकार और समान सम्मान मिलना चाहिये। यह हर नागरिक की साझा जिम्मेदारी भी हैं। उक्त विचार 79वें स्वतंत्रता दिवस पर समर्पण संस्था की ओर से समर्पण आश्रय केयर भवन, सॉंभरिया रोड़ जयपुर में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह व सामाजिक समानता और समावेशन विषयक सेमिनार में मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त जिला न्यायाधीश प्रीतम बिजलानी ने व्यक्त किये। उन्होने कहा कि समावेशी समाज के लिए हमें मिलकर प्रयास करने चाहिए और वास्तविक न्याय के लिए भी स्वयं एजनता और समाज को खड़ा होने की ज़रूरत है। इससे पूर्व समर्पण आश्रय केयर भवन प्रांगण में मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त जिला न्यायाधीश प्रीतम बिजलानी ने अन्य अतिथि व संस्था पदाधिकारियों के साथ ध्वजारोहण किया। तत्पश्चात सेमिनार की शुरुआत दीप प्रज्जवलन के साथ समर्पण प्रार्थना से की गई जिसे कोषाध्यक्ष राम अवतार नागरवाल व आर्किटेक्ट अंजली माल्या व आर्किटेक्ट सुवज्ञा माल्या ने प्रस्तुत किया।

संस्था के संस्थापक अध्यक्ष आर्किटेक्ट डॉ दीनत राम माल्या ने स्वागत भाषण में संस्था के सिद्धांत, विचारधारा व कार्यक्रमों की विस्तृत व्याख्या करते हुए विचार व्यक्त किये। डॉ माल्या ने सामाजिक समानता और समावेशन विषय पर एक पीपीटी प्रजेन्टेशन के माध्यम से बताया कि यह विषय हमारे संविधान की आत्मा हैं और समाज के विकास और समृद्धि की कुंजी भी हैं। इसका महत्व इसलिए है क्योंकि ये हमारे समाज को एकजुट और मजबूत बनाते हैं। जब हर व्यक्ति को समान अवसर मिलते हैं, तो समाज में शांति और सद्भाव बना रहता है। एक समावेशी समाज विविधता को अपनी शक्ति मानता है और व्यक्तिगत विकास के साथ-साथ सामूहिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त करता है। कार्यक्रम में संस्था की डॉक्यूमेंटरी फिल्म भी प्रदर्शित की गई। मुख्य

वक्ता सेवानिवृत्त कर्नल एस एस सेखावत ने कहा कि समाज के किसी भी व्यक्ति को जाति आधारित हीन व अहम का भाव नहीं रखना चाहिए। समाज का परिवर्तन कालांतर में होता है। आने वाला समय ऐसा है कि समाज का हर व्यक्ति एक ही प्रेक्टफार्म पर होगा। कोई भी व्यक्ति अपने आप को छोटा नहीं समझे हर व्यक्ति का समाज की प्रगति में बहुत बड़ा योगदान रहता हैं। मुख्य वक्ता दलित अधिकार केन्द्र के निदेशक एडवोकेट सतीश कुमार ने कहा कि आज़ादी के 78 वर्ष बाद भी सामाजिक असमानता बड़े स्तर पर देखने को मिलती है। हमें सामाजिक समानता के मूल्यों को बढ़ावा देने वाली शिक्षा की ज़रूरत है। इसके लिए बेहतर प्रयास होने चाहिए। कार्यक्रम में विशेष आमंत्रित अतिथि संस्था के प्रधान मुख्य संरक्षक प्रमोद चौरडिया जैन और विशिष्ट अतिथि डॉ अरूण कसुम्भीवाल ने भी अपने विचार व्यक्त किये। गीतकार रमेश कुमार बैरवा व वन्दना रावत ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किये। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सेवानिवृत्त आईएएस डॉ ललित मेहरा ने कहा कि बर्तमान समय में हर टेक्नोलॉजी बड़ी तेज़ी से बदल रही है लेकिन बदलाव की प्रगति के साथ इस गति से सामाजिक असमानता दूर नहीं हो पा रही है। इसके लिए मंथन बहुत ज़रूरी है। सेमिनार में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संस्था सदस्यों के अलावा अनेक गणमान्य व समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने प्रमुखता से भाग लिया। मंच संचालन आकाशवाणी उद्घोषक नीरज शर्मा ने किया।

सीबीएसई वेस्ट जोन ताइक्वांडो चैम्पियनशिप 2025 में रावत स्कूल प्रतापनगर का शानदार प्रदर्शन

ब्यूरो चीफ हेमलता किरार/ परिष्कार पत्रिका

जयपुर। रावत पब्लिक स्कूल प्रतापनगर के विद्यार्थियों ने सीबीएसई वेस्ट ज़ोन ताइक्वांडो चैम्पियनशिप 2025 में अद्वितीय सफलता हासिल की है। यह प्रतियोगिता भिनेकर पब्लिक स्कूल गांधीनगर गुजरात में आयोजित हुई, जिसमें 500 से अधिक स्कूलों के 2000 से ज्यादा खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में स्कूल के 9 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिनमें से 6 खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मेडल जीते और सीबीएसई नेशनल ताइक्वांडो चैम्पियनशिप 2025 के लिए क्वालीफाई किया। मेडल विजेता विद्यार्थियों मे पार्थ सतीश धाकड़ ने स्वर्ण पदक, विहान रायन ने रजत पदक, रिंकू सिंह राजपूत, नमन जांगिड़, पुनीत अग्रवाल एवं प्रिंस सिंह चौहान ने कांस्य पदक प्राप्त किए। यह उपलब्धि स्कूल के लिए गर्व का क्षण है, क्योंकि एक ही प्रतियोगिता में 5 राष्ट्रीय स्तर की पोज़ीशन हासिल करना

किसी भी संस्थान के लिए बड़ी सफलता है। इस अवसर पर रावत एजुकेशनल ग्रुप के चेयरमैन बीएस रावत ने सभी विजेताओं को बधाई दी। डायरेक्टर नरेंद्र सिंह रावत ने कोच भरत शर्मा की सराहना की। प्रिंसिपल मैजेरी शुक्ला एवं अकादमिक हेड राजेश कंथारिया ने सभी विजेताओ को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

जिला जयपुर द्वितीय में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का हुआ शुभारंभ

29 अगस्त को मॉप-अप दिवस होगा आयोजित

ब्यूरो चीफ रवि सिंह किरार/ परिष्कार पत्रिका

जयपुर। जिले में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस एनडीडी का शुभारंभ हुआ। मालवीय नगर सैक्टर-01 सिंधी अनाज मंडी स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनीष मित्तल और उपमुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी परिवार कल्याण डॉ सौरभ आर्य ने बच्चों को कृमि नाशक दवा एल्बेंडाजोल खिलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका प्रीता माथुर चिकित्सा अधिकारी प्रभारी यूपीएचसी मालवीय नगर सेक्टर-03 डॉ अनिल दलेला डीपीओ अर्बन डॉ प्रशांत शर्मा बीएचएस अंकिता शर्मा अकाउंटेंट गजेंद्र धाबाई अध्यापिका बबीता राज सहित यूपीएचसी व विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनीष मित्तल ने बताया कि जिले में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस दिवस पर चिकित्सा संस्थानों, आंगनबाड़ी केन्द्रों, समस्त सरकारी विद्यालयों, उच्च शिक्षण संस्थाओं, मदरसों में 1-19 वर्ष के बच्चों एवं किशोर-किशोरियों को एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई गई।

उन्होने बताया कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस एक राष्ट्रव्यापी आगंनवाड़ी तथा स्कूल आधारित कृमि मुक्ति कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को कृमि

मुक्त बनाकर उनके शारीरिक और मानसिक विकास को प्राकृतिक रूप से प्रोत्साहन देना है। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर 1-5 वर्ष तक की उम्र के बच्चों और 6-19 वर्ष तक की उम्र के बच्चों और किशोर-किशोरियों को कृमि मुक्ति की दवा एलबेंडाजोल खिलाई गई।

उपमुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, परिवार कल्याण डा सौरभ आर्य ने बताया कि कृमि संक्रमण से बच्चों के शारीरिक विकास हीमोग्लोबिन स्तर, पोषण और बौद्धिक विकास पर हानिकारक प्रभाव पड़ता है। इसे रोकने हेतु निश्चित समयान्तराल पर कृमि मुक्ति दवा खिलाने से कृमि संक्रमण के फैलाव को रोका जा सकता है। कृमि नियंत्रण से बच्चों में खून की कमी में सुधार आता है, साथ ही बच्चों का पोषण स्तर बेहतर होता है। दवा से वंचित बच्चों, किशोर-किशोरियों को आगामी 29 अगस्त को मॉप-अप दिवस आयोजित कर दवा खिलाई जाएगी।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक और संपादक रवि सिंह किरार द्वारा एम बी प्रिन्ट्स डिग्गी हाऊस, एफ 76 करतापुरा औद्योगिक क्षेत्र, जयपुर से मुद्रित तथा 89, संतोष नगर, अजमेर रोड़, जयपुर से प्रकाशित। फोन नं. 9314407796 parishkarpatrika@gmail.com
www.parishkarpatrika.com, www.parishkarpatrika.page प्रधान संपादक हेमलता किरार तथा सलाहकार श्रवण सिंह किरार, विजय सिंह किरार, प्रचार एवं प्रसार प्रबंधक डी कुमार चित्र, शायर सिंह किरार, अंशुल किरार